प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



सुनेत्रा पवार बनेंगी एनसीपी की नई राष्ट्रीय अध्यक्ष! पेज- 2

सड़क किनारे खून से लथपथ मिला युवक का शव पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 65 | सोमवार 23 फरवरी, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025-27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रुपया

## टी20 विश्व कप को लेकर बोले पीएम मोदी, भारतीय मूल के खिलाड़ी दुनिया में बढ़ा रहे है देश का गौरव

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारतीय मूल के खिलाड़ी दुनिया में अपने देश का गौरव बढ़ा रहे हैं और वहाँ के



युवाओं के लिये प्रेरणा बन रहे हैं। पीएम मोदी ने अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात में आज कहा कि मैं अक्सर कहता हूँ जो खेले–वो खिले। खेल हमें जोड़ता भी है। आजकल आप टी–20 विश्व कप के मैच देख रहे होंगे और मुझे पक्का विश्वास है कि मैच देखते हुए कई बार आँखें किसी खास खिलाड़ी पर टिक जाती होंगी। जर्सी किसी और देश की होती है लेकिन नाम सुनकर लगता है कि अरे, ये तो अपने देश का है। तब दिल के किसी कोने में एक हल्की सी खुशी आती है। क्योंकि वो खिलाड़ी भारतीय मूल का होता है और वो उस देश के लिये खेल रहा होता है जहां उसका परिवार बस गया है। वे अपने–अपने देशों की जर्सी पहनकर मैदान में उतरते हैं, पूरे मन से उस देश का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा कि कनाडा की टीम में सबसे ज्यादा भारतीय मूल के खिलाड़ी हैं। टीम के कप्तान दिलप्रीत बाजवा का जन्म पंजाब के गुरदासपुर में हुआ था। नवनीत धालीवाल चंडीगढ़ के हैं। इस सूची में हर्ष ठाकर, श्रेयस मोवा जैसे कई नाम हैं, जो कनाडा के साथ–साथ भारत का भी गौरव बढ़ा रहे हैं। अमेरिका की टीम में कई चेहरे भारत के घरेलू क्रिकेट से निकले हुए हैं। अमेरिकी टीम के कप्तान मोनांक पटेल गुजरात की अंडर–16 और अंडर–18 टीम के लिये भी खेल चुके हैं। मुंबई के सौरभ, हरमीत सिंह, दिल्ली के मिलिंद कुमार, ये सब अमेरिकी टीम की शान हैं। ओमान की टीम में आज कई चेहरे हैं जो पहले भारत के अलग–अलग राज्यों में खेल चुके हैं। जतिंदर सिंह, विनायक शुक्ला, करन, जय, आशीष जैसे खिलाड़ी ओमान क्रिकेट की मजबूत कड़ी हैं। न्यूजीलैंड, यूएई और इटली की टीमों में भी भारतीय मूल के खिलाड़ी अपनी जगह बना रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसे कितने ही भारतीय मूल के खिलाड़ी हैं जो अपने देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। वहाँ के युवाओं के लिये प्रेरणा बन रहे हैं। भारतीयता की यही तो विशेषता है। भारतीय जहां भी जाते हैं अपनी मातृभूमि की जड़ों से जुड़े रहते हैं। और अपनी कर्मभूमि यानि जिस देश में रहते हैं उसके विकास में भी सहयोग करते हैं।

## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने हरियाणा सरकार के खातों में हुई 590 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का किया खुलासा

(एजेंसी) चंडीगढ़। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने रविवार को निजी क्षेत्र के ऋणदाता के साथ हरियाणा सरकार के खातों में अपने कर्मचारियों और अन्य लोगों द्वारा की गई 590 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का खुलासा किया। शेयर बाजार को दी जानकारी में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने कहा कि उसने बैंकिंग नियामक को मामले की जानकारी दी है और पुलिस में भी शिकायत दर्ज कराई गई है। बैंक ने बताया कि शुरुआती जांच में पाया गया कि चंडीगढ़ की एक विशेष शाखा में कुछ कर्मचारियों ने हरियाणा सरकार के खातों में बिना अनुमति और धोखाधड़ी की गतिविधियां कीं, जिसमें अन्य व्यक्ति, इकाइयां भी शामिल हो सकते हैं। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने कहा कि वर्तमान में धोखाधड़ी की राशि 590 करोड़ रुपये अनुमानित है। बैंक ने बताया कि उक्त शाखा में पहचाने गए खातों में कुल राशि लगभग 590 करोड़ रुपये के आसपास है।

# कांग्रेस ने सरकार पर साधा निशाना

## कहा- अमेरिका के साथ व्यापार समझौता अबकी बार ट्रंप से हार का प्रमाण

(एजेंसी) नई दिल्ली। अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए कांग्रेस ने रविवार को कहा कि यह समझौता अबकी बार ट्रंप से हार का प्रमाण है और अमेरिकी उच्चतम न्यायालय द्वारा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वैश्विक शुल्क को रद्द किए जाने के फैसले के बाद उत्पन्न भ्रम की स्थिति को देखते हुए इसे ठंडे बस्ते में डाल देना चाहिए। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि अंतरिम समझौते की रूपरेखा की शर्तों पर फिर से बातचीत होनी चाहिए और आयात उदारीकरण, विशेष रूप से कृषि उत्पादों के आयात उदारीकरण से संबंधित खंड को रद्द किया जाना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि समझौता लेन–देन पर आधारित होता है, लेकिन भारत ने अंतरिम व्यापार समझौते के तहत केवल दिया ही है। रमेश ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2019 में ह्यूस्टन में अबकी बार ट्रंप सरकार का नारा दिया था, लेकिन अंतरिम समझौते की यह रूपरेखा अबकी बार ट्रंप से हार का प्रमाण है। कांग्रेस नेता ने पूछा कि दो फरवरी को ऐसा क्या हुआ था कि प्रधानमंत्री को राष्ट्रपति ट्रंप को व्यापार समझौते की घोषणा करने के लिए मजबूर करना पड़ा? रमेश ने आरोप लगाया, यह सीधे तौर पर संसद में प्रधानमंत्री पर बाह्य सुरक्षा मोर्चे की विफलताओं को लेकर



राहुल गांधी के हमले से जुड़ा है। इसलिए इस समझौते की घोषणा खबरों और सुर्खियों को प्रभावित करने की रणनीति का हिस्सा थी। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा में यह कहा गया है कि किसी भी पक्ष की ओर से किसी भी प्रकार के बदलाव की स्थिति में अमेरिका और भारत इस बात पर सहमत हैं कि वे अपनी प्रतिबद्धताओं में संशोधन कर सकते हैं। उन्होंने तर्क दिया कि राष्ट्रपति ट्रंप ने शुल्क (टैरिफ) में बदलाव किया है, इसलिए भारत को अपनी प्रतिबद्धताओं में बदलाव करने का पूरा अधिकार है। रमेश ने कहा, हमने जो पहली प्रतिबद्धता जताई है, वह है खाद्य और कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर शुल्क कम करना या समाप्त करना। प्रधानमंत्री से हमारी मांग है कि इस मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाए। उन्होंने दावा किया कि भारत ने सभी अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं और अमेरिकी खाद्य एवं कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर आयात शुल्क समाप्त करने या कम करने की प्रतिबद्धता जताई है। कांग्रेस नेता ने कहा कि संयुक्त बयान में की गई इस प्रतिबद्धता को बदला जाना चाहिए क्योंकि इस बयान के अनुसार, भारत को ऐसा करने का पूरा अधिकार है। रमेश ने पूछा, इस प्रतिबद्धता का सीधा असर सोयाबीन किसानों, मक्का किसानों, फल और मेवा उगाने वाले किसानों तथा कपास किसानों पर पड़ेगा। सबसे पहले इसका प्रभाव जम्मू कश्मीर, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र और हिमाचल प्रदेश के किसानों पर पड़ेगा। फिर संयुक्त बयान में अतिरिक्त उत्पादों का जिक्र है। इसका क्या मतलब है? उन्होंने कहा, हमारा दूसरा सवाल यह है कि जब प्रधानमंत्री और वाणिज्य मंत्री (पीयूष गोयल) को दिसंबर से ही पता था कि उच्चतम न्यायालय का फैसला कभी भी आ सकता है जिसमें कई लोगों का मानना था कि इसे रद्द किया जा सकता है। जब आपको पता था कि फैसला ट्रंप के खिलाफ जा सकता है, तो आपने इतनी जल्दबाजी में समझौता क्यों किया? रमेश ने कहा, मुझे उम्मीद है कि इस मुद्दे को लेकर फैली व्यापक भ्रम की स्थिति को देखते हुए इस संयुक्त बयान को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाए, हम शर्तों पर पुनर्विचार करें, यह एकतरफा सौदा है। इससे देश के विभिन्न राज्यों में लाखों किसानों के हितों को भारी नुकसान होगा। कांग्रेस महासचिव ने पूछा कि एक तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति और अमेरिकी विदेश मंत्री दावा कर रहे हैं कि भारत ने रूसी तेल खरीदना बंद कर दिया है, लेकिन सरकार कह रही है कि भारत अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखेगा, तो इन सभी मुद्दों पर स्पष्टता क्या है? उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री से जो कठिन प्रश्न पूछे जा रहे हैं, वह उन सभी प्रश्नों से बच रहे हैं। कांग्रेस के एजेंडे पर रमेश ने बताया कि किसान महा चौपाल श्रृंखला की पहली चौपाल 24 फरवरी को भोपाल में, दूसरी सात मार्च को महाराष्ट्र में और तीसरी श्रीगंगानगर में आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य किसानों के हितों की पूरी तरह रक्षा करना है। रमेश ने कहा, प्रधानमंत्री को 2021 में तीन काले कृषि–विरोधी कानून वापस लेने के लिए मजबूर होना पड़ा था। हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हम जो भी समझौता करें, उसमें किसानों के हित पूरी तरह सुरक्षित रहें। ट्रंप द्वारा शुल्क में बदलाव पर रमेश ने कहा कि भारी भ्रम और अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने कहा, भारत के लिए सबसे उचित कदम यह होगा कि इस अंतरिम समझौते को फिलहाल ठंडे बस्ते में डाल दिया जाए और किसानों के हितों की पूरी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए शर्तों पर दोबारा बातचीत की जाए।

# दिल्ली टू मेरठ, पीएम मोदी ने दिखाई हरी झंडी

## नमो भारत ट्रेन और मेट्रो रेल सेवा का उद्घाटन

(एजेंसी) मेरठ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मेरठ में शताब्दी नगर नमो भारत स्टेशन पर मेरठ मेट्रो और नमो भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री एवं भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष पंकज चौधरी समेत कई प्रमुख नेताओं की मौजूदगी में मेरठ मेट्रो एवं नमो भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और मेरठ दक्षिण स्टेशन तक मेट्रो रेल से भ्रमण किया। प्रधानमंत्री ने 82 किलोमीटर लंबे दिल्ली–मेरठ नमो भारत गलियारे को राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने भारत के नमो भारत रीजनल रैपिड ट्रांसिट सिस्टम (आरआरटीएस) के शेष खंडों का भी उद्घाटन किया। इनमें दिल्ली में सराय काले खान और न्यू अशोक नगर के बीच का पांच किलोमीटर का खंड और उत्तर प्रदेश में मेरठ



(दक्षिण) और मोदीपुरम के बीच का 21 किलोमीटर का खंड भी शामिल है। पीएम मोदी का मुख्यमंत्री ने स्वागत किया। उसके बाद प्रधानमंत्री शताब्दी नगर स्टेशन से नमो भारत ट्रेन और मेरठ मेट्रो को हरी झंडी दिखाई। इसके बाद मोदी और योगी आदित्यनाथ मेट्रो से मेरठ साउथ स्टेशन तक जाएंगे। बताया कि मोदी वहां से सड़क के रास्ते मोहिउद्दीनपुर में अपराह्न एक बजे जन सभा को संबोधित करने से पहले कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, 180 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार के साथ नमो भारत देश की पहली क्षेत्रीय तीव्र पारगमन प्रणाली है। नमो भारत से साहिबाबाद, गाजियाबाद, मोदीनगर और मेरठ जैसे प्रमुख शहरी केंद्र दिल्ली से अधिक तेजी से जुड़ पाएगें। गलियारे का पहला स्टेशन सराय काले खान, इस उद्घाटन के साथ शुरू होने वाले चार नमो भारत स्टेशन में से एक है। रणनीतिक रूप से अहम यह स्टेशन मल्टी–मॉडल हब है जो हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन, दिल्ली मेट्रो की पिंक लाइन, वीर हकीकत राय आईएसबीटी और रिंग रोड को जोड़ता है। जिन तीन अन्य स्टेशन–नमो भारत स्टेशन शताब्दी नगर, बेगमपुल और मोदीपुरम– की शुरुआत की जा रही है, वे मेरठ में हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने मेरठ दक्षिण और मोदीपुरम के बीच मेरठ मेट्रो सेवा का भी उद्घाटन किया जो नमो भारत के ही बुनियादी ढांचे पर संचालित होगी। यह देश में अपनी तरह की पहली पहल है।मेरठ मेट्रो भारत की सबसे तेज मेट्रो प्रणाली होगी, जिसकी अधिकतम परिचालन गति लगभग 120 किमी प्रति घंटा होगी। एक ही बुनियादी ढांचे पर नमो भारत और मेरठ मेट्रो का यह निर्बाध एकीकरण, तेज रफ्तार वाली अंतर–शहरी यात्रा और शहर के भीतर सुगम आवागमन के लिए मददगार साबित होगा तथा भारत में एकीकृत शहरी एवं क्षेत्रीय परिवहन के लिए एक मिसाल कायम करेगा। इससे सड़क यातायात में भीड़ कम होगी और वाहनों से होने वाले कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में खासी कमी आएगी। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक समेत कई प्रमुख लोग मौजूद थे।

## गुलाम मानसिकता वाले बिकाऊलोगों से सावधान रहें कार्यकर्ता : मायावती

(एजेंसी) लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने रविवार को अपने कार्यकर्ताओं को आगाह किया कि वे गुलाम मानसिकता वाले बिकाऊ लोगों से सावधान रहें। मायावती ने पार्टी की अखिल भारतीय बैठक में संगठन को मजबूत बनाने व सर्वसमाज में पार्टी के जनाधार को बढ़ाने सहित विभिन्न महत्वपूर्ण राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा, बहुजन समाज के उत्थान के बजाय, अपने थोड़े से स्वार्थ के लिए कार्य करने वाले गुलाम मानसिकता व बिकाऊ लोगों से सावधान रहें। ऐसे लोग बसपा के कारण ही आगे बढ़े। वे जब बसपा के नहीं हुये तो वे समाज के सच्चे हितैषी कैसे हो सकते हैं? ऐसे लोगों तथा उन्हें शरण देने वाली पार्टियों से भी अति सावधानी जरूरी है। माना जा रहा है कि मायावती का यह परोक्ष निशाना कभी सबसे करीबी सहयोगी रहे नसीमुद्दीन सिद्दीकी पर था जो हाल में ही समाजवादी पार्टी में शामिल हुए हैं। मायावती ने बैठक में विरोधी पार्टियों पर निशाना साधते हुए कहा कि इन पार्टियों की सरकारों की गरीब, किसान और बहुजन विरोधी, चाबी प्राप्त करने का लक्ष्य प्राप्त करना है। मायावती ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर देश में उभरी चिन्ताओं का जिक्र



संकीर्ण, शोषणकारी और द्वेष पूर्ण नीतियों और भ्रष्ट क्रियाकलापों तथा कथनी एवं करनी में अंतर के कारण वे अपनी विश्वसनीयता तेजी से खो रहे हैं, लिहाजा बसपा से जनता की उम्मीदें बढ़ गई हैं। बसपा प्रमुख ने कहा कि पार्टी जैसे–जैसे और जहां–जहां मजबूत होती जाएगी, विरोधियों के षडयंत्र भी लगातार बढ़ते जाएंगे, जिसका डट कर सामना करते हुये कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ते रहना है और अपने पैरों पर खड़ा होने के लिये सत्ता की मास्टर करते हुए कहा कि कई देशों द्वारा अपने आपको फर्स्ट बनाने हेतु जो गला काट प्रतिस्पर्धा जारी है उसने शोषणकारी विश्व व्यवस्था को और गहरे संकट में डाल दिया है। उन्होंने कहा, ऐसे में भारत सरकार के सामने खासकर देश के किसानों सहित बहुजनों के हित व भविष्य को सुरक्षित रखने की बड़ी चुनौती है। भारत ने अपनी शर्तों के आधार पर व्यापार समझौते किये हैं, यह केवल सरकारी दावा नहीं बल्कि हकीकत हो तो यह बेहतर।

## प्राइवेट पार्ट पर सैनिटाइजर डालकर लगा दी आग, प्रेमी ने प्रेमिका को दी ,हकंपा देने वाली सजा

(एजेंसी) गुरुग्राम। हरियाणा के गुरुग्राम से इंसानियत को झकझोर देने वाली एक दर्दनाक घटना सामने आई है। त्रिपुरा से सपने लेकर पढ़ाई करने आई बीएससी बायोटेक द्वितीय वर्ष की छात्रा को उसके ही ऑनलाइन दोस्त ने कथित तौर पर तीन दिनों तक बंधक बनाकर अमानवीय यातनाएं दीं। पीड़िता के मुताबिक चरित्र पर शक करता था जिसके चलते वह आए दिन उससे मारपीट करता था। छात्रा ने गुरुग्राम पुलिस को बताया कि उसके पार्टनर ने उसके प्राइवेट पार्ट्स पर सैनिटाइजर डालकर आग लगा दी। युवती ने आगे दावा किया कि उसके पार्टनर ने उसके सिर पर मेटल की बोतल मारी और फिर उसे दरवाजे और अलमारी पर पटक दिया। पीड़िता ने किसी तरह अपनी माँ को फोन कर आपबीती सुनाई। रोते हुए उसने कहा, "माँ मुझे बचा लो,, नहीं तो मैं मर जाऊँगी"। बेटी की हालत भांपते ही माँ ने त्रिपुरा से हरियाणा पुलिस को सूचना दी और गुरुग्राम स्थित पीजी का पता साझा किया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर हालत में छात्रा को अस्पताल में भर्ती कराया। पहले उसे गुरुग्राम के एक अस्पताल में ले जाया गया, लेकिन हालत बिगड़ने पर दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर किया गया। फिलहाल छात्रा आईसीयू में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रही है। हरियाणा पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है और मामले की जांच जारी है। पीड़िता की माँ ने देश के प्रधानमंत्री और गृह मंत्री से न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा, "मेरी बेटी त्रिपुरा से गुरुग्राम पढ़ने आई थी, उसने अपने भविष्य के सपने देखे थे। लेकिन उसके साथ जो हुआ, उसने हमारी जिंदगी तबाह कर दी। मैं सरकार से हाथ जोड़कर विनती करती हूं कि मेरी बेटी को न्याय मिले और आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। यह घटना एक बार फिर ऑनलाइन दोस्ती और सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर रही है।

## किश्तवाड़ मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद के दो आतंकवादी ढेर, 2 एके-47 राइफल समेत गोला-बारूद बरामद

(एजेंसी) जम्मू। जम्मू कश्मीर में किश्तवाड़ जिले के एक सुदूर इलाके में रविवार को सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में आतंकी संगठन जैश–ए–मोहम्मद से जुड़े दो आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि किश्तवाड़ में चतरू क्षेत्र के पासेरकुट में सुरक्षाबलों ने ऑपरेशन त्राशी के दौरान दो आतंकवादियों को मार गिराया तथा दो एके–47 राइफलों सहित हथियार और गोला–बारूद बरामद किया गया। सेना की व्हाइट नाइट कोर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि जम्मू कश्मीर पुलिस, खुफिया विभाग और अपने स्वयं के खुफिया स्रोतों से प्राप्त विश्वसनीय सूचनाओं के आधार पर, किश्तवाड़ क्षेत्र में सक्रिय आतंकवादियों का पता लगाने और उन्हें ढेर करने के लिए एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया। इसने कहा, सीआईएफ (काउंटर इंटेलिजेंस फोर्स) डेल्टा, पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों की आज पूर्वाह्न करीब 11 बजे दुर्गम इलाके में आतंकवादियों के साथ फिर से मुठभेड़ शुरू हुई। सेना ने बताया कि जवानों ने दो आतंकवादियों को ढेर कर दिया। इसने कहा, तलाश अभी जारी है– जो लोग शांति भंग करने की कोशिश करेंगे, उन्हें कहीं कोई शरण नहीं मिलेगी। प्रारंभिक जानकारी के हवाले से अधिकारियों ने बताया कि मारे गए दोनों आतंकवादी पाकिस्तानी नागरिक हैं और प्रतिबंधित संगठन जैश–ए–मोहम्मद के सदस्य हैं। उन्होंने बताया कि पहाड़ी क्षेत्र में एक मिट्टी के घर के भीतर छिपे आतंकवादियों ने पास आ रहे जवानों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद भीषण मुठभेड़ शुरू हो गई। पिछले महीने चतरू वन क्षेत्र में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच लगभग छह मुठभेड़ हुईं, जिनमें एक सैनिक शहीद हो गया और एक आतंकवादी मारा गया। रविवार को दो आतंकवादियों के मारे जाने के साथ ही, इस साल जम्मू क्षेत्र में अलग–अलग मुठभेड़ों में सुरक्षाबलों ने जैश–ए–मोहम्मद के कुल छह आतंकवादियों को मार गिराया है। इससे पहले, उधमपुर में दो और कठुआ जिले में एक आतंकवादी मारा गया था।

# सम्पादकीय

## ट्रंप को तगड़ा झटका

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को तगड़ा झटका दिया है। मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि ट्रंप ने जिस इमरजेंसी आधार पर दुनिया भर के देशों पर भारी–भरकम टैरिफ लगाए थे, सुप्रीम कोर्ट ने उसे खारिज कर दिया है। इस फैसले के बाद सवाल उठ रहा है कि ट्रंप ने जिन देशों पर टैरिफ लगाए थे, क्या वो खत्म हो जाएंगे। ट्रंप ने टैरिफ के तौर पर जो रकम वसूली है, क्या वो उन्हें लौटानी होगी? विदित हो कि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया कि डोनाल्ड ट्रंप ने



नफीस जाफरी

कई देशों पर लगातार टैरिफ लगाकर अपने अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन किया है। इसके चलते दुनिया भर के व्यापार में भारी उथल–पुथल मच गया है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के इस ताजा फैसले से भारत सहित अन्य देशों पर लगाए गए ट्रंप के टैरिफ रद्द हो सकते हैं। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आईईईपीए के तहत राष्ट्रपति टैरिफ नहीं लगा सकते। कोर्ट ने फैसला सुनाया कि अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां अधिनियम (आईईईपीए) राष्ट्रपति को टैरिफ लगाने का अधिकार नहीं देता है, और प्रशासन द्वारा आयात को विनियमित करना शब्द की व्याख्या को खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि टैरिफ लगाने की शक्ति केवल कांग्रेस (अमेरिकी संसद) के पास है। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि संविधान का अनुच्छेद 1 कांग्रेस को टैरिफ सहित कर और शुल्क लगाने का अनन्य अधिकार देता है। कार्यपालिका के पास शांति काल में इन्हें लगाने की कोई अंतर्निहित शक्ति नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के जजों ने बहुमत से पाया कि संविधान बहुत स्पष्ट रूप से कांग्रेस को टैरिफ लगाने का अधिकार देता है, जिसमें शुल्क भी शामिल हैं। मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स ने अपने फैसलेस में लिखा, संविधान निर्माताओं ने कर लगाने की शक्ति का कोई भी हिस्सा कार्यपालिका शाखा को नहीं सौंपा। हालांकि, न्यायाधीश सैमुअल एलिटो, क्लेरेंस थॉमस और ब्रेट कावानाघ ने असहमति व्यक्त की। कावानाघ ने असहमति में लिखा, षविचाराधीन टैरिफ उचित नीति हो भी सकते हैं और नहीं भी. लेकिन टेक्स्ट, इतिहास और पूर्व उदाहरणों के आधार पर, वे स्पष्ट रूप से वैध हैं। टैरिफ संबंधी निर्णय ट्रंप को अन्य कानूनों के तहत शुल्क लगाने से नहीं रोकता है। हालांकि उन कानूनों में ट्रंप की कार्रवाइयों की गति और गंभीरता पर अधिक सीमाएं हैं, फिर भी प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों ने कहा है कि वे अन्य अधिकारों के तहत टैरिफ ढांचे को यथावत रखने की उम्मीद करते हैं। कहा जाए तो गलत नहीं होगा कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने राष्ट्रपति ट्रंप के आर्थिक एजेंडे को लागू करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले एक महत्वपूर्ण हथियार को ध्वस्त कर दिया है। कंजरवेटिव बहुमत वाले सुप्रीम कोर्ट ने छह–तीन के बहुमत से अपने फैसले में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां अधिनियम राष्ट्रपति को टैरिफ लगाने का अधिकार नहीं देता है।

# सुनेत्रा पवार बनेंगी एनसीपी की नई राष्ट्रीय अध्यक्ष!



गुलफिशा खान

महाराष्ट्र में पिछले कुछ दिनों से यह चर्चा बहुत तेज रही है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी यानि एनसीपी के दोनों धड़ों का विलय हो जाएगा। इस पर शरद पवार और स्व. अजित पवार के बीच पहले बातचीत पूरी हो चुकी थी और यह भी तय हो गया था कि 12 फ़रवरी के दिन दोनों पार्टियां एक हो जातीं। मगर विमान हादसे में अजित पवार की मृत्यु के बाद अब बदली हुई परिस्थिति में यह संभव होता नहीं दिख रहा है। इसकी सबसे बड़ी वजह है दोनों एनसीपी की राह अब अलग अलग हो चुकी है। ये बात किसी को मालूम नहीं कि अजित पवार के रहते यदि दोनों धड़े एक हो जाते तो शरद पवार की क्या भूमिका होती। क्या वे एनडीए का हिस्सा बनने के लिए तैयार थे या पार्टी अजित पवार के हवाले करके शरद पवार सक्रिय राजनीति से संन्यास ले लेते? क्योंकि उनका राज्यसभा का कार्यकाल दो महीने में खत्म हो रहा है और उन्होंने पहले ये कहा था कि अब वो राज्यसभा में भी नहीं आना चाहते हैं। मगर अजित पवार के ना रहने की वजह से सब बदल गया है। उनके गुजरने के चार दिन के भीतर ही उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार को उपमुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई गई। जिस पर शरद पवार ने कहा था कि उन्हें इसके बारे में कोई सूचना नहीं थी। आखिरकार ये सब इतनी जल्दबाजी में क्यों किया गया इसका कोई जवाब किसी के पास नहीं है। इसका मतलब है कि पर्दे के पीछे काफी कुछ चल रहा है। इस बीच महाराष्ट्र की



राजनीति से एक बड़ी खबर निकल कर सामने आई है। बीते कुछ दिनों से चल रही राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के दोनों धड़ों (शरद पवार गुट और अजित पवार गुट) के विलय की चर्चा पर फैसला टाल दिया गया है। महाराष्ट्र उप मुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार की मौजूदगी में हुई पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की बैठक में पार्टी के विलय पर कोई चर्चा नहीं हुई। लेकिन इस बैठक में यह फैसला लिया गया कि बारामती विमान हादसे में पूर्व अजित पवार के निधन के बाद उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार सरकार के बाद अब पार्टी में भी लीड रोड में नजर आएंगी। महाराष्ट्र सरकार में उप मुख्यमंत्री का पद संभालने के बाद अब अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार पार्टी में सर्वोच्च पद संभालेंगी। इस तरह से उनके सामने सरकार के साथ–साथ संगठन को संभालने की दोहरी जिम्मेदारी होगी। दरअसल बीते दिनों हुई एनसीपी नेताओं की बैठक में सुनेत्रा पवार को एनसीपी की नई राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर सहमति जताई गई है। बताया गया कि सुनेत्रा पवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने के फैसले पर 26 फरवरी को आधिकारिक मुहर लगेगी। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल पटेल ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा, जिसे सभी विधायकों ने हाथ उठाकर अपना पूर्ण समर्थन दिया। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, 26 फरवरी को होने वाली राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में उनके नाम पर आधिकारिक रूप से मुहर लगा दी जाएगी। फिलहाल पार्टी के विलय को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई है। विधायकों को सख़्त हिदायत दी गई है कि विलय के संबंध में बाहर मीडिया में कोई भी बयान न दें। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी संगठन के विस्तार और आगामी बजट सत्र की रणनीति पर चर्चा की गई। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने स्पष्ट किया है कि वे इस दौड़ में शामिल नहीं हैं और सुनेत्रा पवार ही इस पद के लिए एकमात्र और सबसे उपयुक्त उम्मीदवार हैं। सुनेत्रा पवार के उपमुख्यमंत्री बनने और अब राष्ट्रीय अध्यक्ष की ओर बढ़ते कदमों के बीच उनकी खाली होने वाली राज्यसभा सीट को लेकर भी चर्चाएं तेज हैं। सूत्रों के अनुसार, उनके बेटे पार्थ पवार इस सीट के लिए सबसे प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं।

# हिमंता बिस्वा सरमा राहुल से इसलिए हैं नाराज़?



शबाब हुसैन

भाजपा पूर्वोत्तर के महत्वपूर्ण राज्य असम में अपनी सरकार को बचाने में पूरी तरह से जुट गई है। भाजपा की पूरी कोशिश है कि राज्य में वह तीसरी बार सत्ता में आकर हेट्रिक बनाए। इसके लिए भाजपा ने अपनी चुनावी रणनीति को अंतिम रूप दे दिया है। विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का सघन चुनावी प्रचार शुरू किया जाएगा। संभावना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6–8 और गृह मंत्री अमित शाह 12–15 चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे। आला सूत्रों के अनुसार यह तय हो गया है कि विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की अगुवाई में ही लड़ा जाएगा। नेतृत्व को लेकर कहीं कोई भ्रम न रहे, इसलिए यह घोषणा भी हो सकती है कि भाजपा की सरकार फिर बनने पर हिमंता ही फिर से मुख्यमंत्री बनेंगे। पार्टी का फीडबैक है कि जमीनी स्तर पर उनकी पकड़ और सरकार की योजनाओं के आधार पर मिले समर्थन के आधार हिमंता की लोकप्रियता चरम पर है और इससे भाजपा को लाभ मिल सकता है। इसी के साथ भाजपा ने यह भी तय किया है कि कुछ विधानसभा सीटों में सत्ता विरोधी माहौल का मुकाबला करने के लिए कुछ मौजूदा विधायकों के टिकट काटे जाएं। भाजपा के अभी 67 विधायक हैं। पार्टी 95–100 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और अन्य सीटें सहयोगी दलों को दी जाएंगी। पार्टी ने सभी विधानसभा सीटों का सर्वेक्षण कर लिया है। वहां से मिले फीडबैक के आधार पर टिकटों का बंटवारा किया जाएगा। संभावना है कि भाजपा 25–30 नए चेहरों को चुनाव मैदान में उतारे. ऐसे में कई मौजूदा विधायकों के टिकट काटे जा सकते हैं। तो वहीं अब बात असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की तो मालूम हो कि असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने दावा किया कि 2014 में जब कांग्रेस के 58 विधायकों ने उनका समर्थन किया था, तब तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने उनसे पार्टी की ओर से मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेने की तारीख तय करने को कहा था। हालांकि, उस समय अमेरिका गए राहुल गांधी ने पार्टी नेताओं को फोन किया और स्थिति बदल गई। हिमंता असम के 2011 के विधानसभा चुनावों के बाद के हालात के बारे में बता



रहे थे। 2011 के चुनाव के बाद कांग्रेस में असंतोष देखा गया था, जब कई विधायकों ने तत्कालीन मुख्यमंत्री तरुण गोगोई की जगह हिमंता बिस्मा सरमा को मुख्यमंत्री के तौर पर समर्थन दिया था। 2015 में हिमंता कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। मुख्यमंत्रर हिमंता ने कहा, मैडम (सोनिया गांधी), जिन्हें मैं अब भी इसी तरह पुकारता हूं, ने मुझसे तारीख तय करने को कहा था और मैंने उनसे कहा था कि मैं जून (2014) में कामाख्या मंदिर में अंबुबाची मेले के बाद शपथ लूंगा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के फोन करने के बाद स्थिति बदल गई। सरमा ने कहा, तब मुझे दुख हुआ था, लेकिन अब मेरा मानना है कि किसी की जिंदगी में जो भी होता है, वह अच्छे के लिए होता है और कांग्रेस में रहने पर मुझे जो मिलता, भगवान ने उससे ज्यादा दिया। सरमा ने कहा, भाजपा की ओर से मुख्यमंत्री बनने के बाद मुझे पूरे दिल से असम और सनातन धर्म दोनों की सेवा करने का मौका मिला, जो कांग्रेस में रहने पर मुमकिन नहीं होता। उन्होंने कहा कि अगर वह कभी कोई किताब लिखेंगे तो इन घटनाक्रम के बारे में विस्तार से बताएंगे। उन्होंने दावा किया कि जब मल्लिकार्जुन खड़गे असम आए थे तो 58 कांग्रेसी विधायक ने मेरा साथ दिया था। उन्होंने कहा, मुझे इंसाफ नहीं मिला लेकिन खड़गे हमेशा पार्टी में मेरे विरोधियों से कहते थे, तुम हिमंता से लड़ रहे हो लेकिन विधायक उनके पास हैं। उन्होंने कहा, ये सच हैं और इसके कई गवाह हैं लेकिन मैं शुक्रगुजार हूं कि ऐसा नहीं हुआ क्योंकि मैं हमेशा के लिए दागी हो जाता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इको–सिस्टम ऐसा है कि आम परिवारों के लोगों के लिए ज़िंदा रहना मुश्किल है।

# सीतापुर बीच चौराहे 'थप्पड़ कांडश में नया मोड़, अब महिला टीचर ने दर्ज कराया बुर्का पहनकर रेकी करने का मुकदमा

न्यूज वाणी ब्यूरो



तंबौर सीतापुर। 17 फरवरी को तंबौर थाना क्षेत्र के बीच चौराहे पर हुए हाई–वोल्टेज ड्रामे ने अब कानूनी लड़ाई का रूप ले लिया है। जिस घटना में एक पत्नी ने अपने शिक्षक पति की सरेराह पिटाई की थी, उसमें अब दूसरी महिला टीचर (सहकर्मी) सामने आई हैं। उन्होंने मारपीट करने वाली महिला, उसकी मां और एक स्थानीय यूट्यूबर के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। क्या है पूरा मामला? बीते दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो जमकर वायरल हुआ था, जिसमें एक महिला अपने पति (शिक्षक अमित नागर) को थप्पड़ों से पीटती और गाली–गलौज करती नजर आ रही थी। आरोप था कि पत्नी को अपने पति और उसकी साथी महिला शिक्षिका के बीच अवैध संबंधों का शक था। बुर्का पहनकर रेकी और साजिश का आरोप पीड़ित महिला शिक्षिका ने तंबौर थाने में दी गई तहरीर में चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। उनके अनुसाररू जासूसी का खेलरू शिक्षक की पत्नी मीनू नागर कथित तौर पर बुर्का पहनकर काफी समय से शिक्षिका की रेकी (निगरानी) कर रही थी। छवि धूमिल करने की कोशिशरू शिक्षिका का कहना है कि अमित नागर के साथ उनका कोई निजी संबंध नहीं है। बेबुनियाद शक के आधार पर उन्हें और उनके परिवार को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। स्कूल परिसर में हंगामारू आरोप है कि पत्नी अपनी मां और बेटी के साथ स्कूल परिसर तक जा पहुंची, जिससे शिक्षिका की सामाजिक प्रतिष्ठा को गहरा आघात लगा है। यूट्यूबर पर भी गिरा गाज इस मामले में पुलिस ने केवल परिवार ही नहीं, बल्कि एक स्थानीय यूट्यूबर के खिलाफ भी केस दर्ज किया है। आरोप है कि घटना का वीडियो बनाकर और उसे गलत संदर्भ में प्रसारित कर शिक्षिका की छवि खराब करने का प्रयास किया गया। वायरल वीडियो और प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजी.त कर लिया गया है। मामले के हर पहलू की निष्पक्ष जांच की जा रही है, जो भी दोषी पाया जाएगा उसके विरुद्ध सख्त विधिक कार्रवाई होगी। .

# महात्मा गांधी और पंडित नेहरू आज की राजनीति में 'विलेन' क्यों?

मा. मोहन लाल

स्वतंत्रता आंदोलन में महात्मा गांधी और देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के योगदान को कम करके नहीं देखा जा सकता। पता नहीं आज के तथाकथित राजनेता उन्हें गालियां क्यों देने लगे हैं? आज की पीढ़ी तो इन दोनों महापुरुषों के नाम और काम को भूल चुकी थी, देश के तथाकथित नेताओं ने उन्हें पुनः जिंदा कर दिया, परन्तु जिंदा उन्हें 'विलेन' के रूप में किया गया है, जिस पर मुझे ऐतराज है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान आजादी हासिल करने की कई समांतर लहरें चल रही थीं। परन्तु आजादी की जंग में शांति, अहिंसा, असहयोग और सत्याग्रह का शस्त्र उठा महात्मा गांधी, पंडित जवाहर लाल नेहरू और सरदार पटेल लड़ रहे थे। किसे कम या अधिक कहें? आजादी की सभी लहरों का एक ही उद्देश्य था, 'अंग्रेजो भारत छोड़ो'। आजादी की किस लहर का योगदान कम था? अंग्रेज यूं ही नहीं गया भारत को छोड़कर। उसने हिंदुस्तान को धर्म के नाम पर 2 टुकड़ों में बांट कर यहां से सदा के लिए चले जाने की ठान ली, जिसमें वह सफल रहा और हमने रूआंसे मुंह भारत को एक 'स्वतंत्र मुल्क' मान कर सिर झुका लिया। आज के तथाकथित नेता जो महात्मा गांधी को देश की सारी समस्याओं का मूल कारण मानते हैं, उन्हें पता ही नहीं कि महात्मा गांधी ने मोहम्मद अली जिन्ना के आवास पर जाकर उन्हें रोका कि पाकिस्तान की मांग छोड़ दो, यदि तुम देश का प्रधानमंत्री ही बनना चाहते हो तो इंडियन नैशनल कांग्रेस तुम्हें हिंदुस्तान का प्रधानमंत्री बनाने को तैयार है। परन्तु मोहम्मद अली जिन्ना टस से मस न हुए और देश बंट गया। महात्मा गांधी या पंडित जवाहर लाल नेहरू देश–विभाजन के कहां दोषी हुए? इतिहास जैसा है उसे वैसा ही रहने दिया जाए। नेता जी सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद, शहीद–ए–आजम भगत सिंह, स. ऊधम सिंह, पंडित नेहरू, स. पटेल और महात्मा गांधी सभी आजादी के परवाने थे। आजादी की फिलॉसफी गढ़ी लाल, पाल, बाल और गोपाल कृष्ण गोखले ने। आज के राजनेता आजादी का श्रेय किसी एक आजादी के परवाने को न दें। जिसने भी कुछ किया, अच्छा किया। 79 साल के बाद अपने पूर्वजों को कोसना, उन्हें देश की सारी समस्याओं के लिए दोषी ठहराना, अनुचित है। हमें अपने पूर्व नेताओं के प्रति नफरत नहीं, बल्कि आदर का भाव जागृत करना चाहिए। यूं ही देश में गढ़े मुर्दे मत उखाड़ो। नेहरू नए भारत के निर्माता हैं। गांधी इस देश के नागरिकों को आत्मनिर्भर बनाना चाहते थे। उनका 'चरखा' तो प्राचीन संस्कृति और सभ्यता का प्रतीक है। महात्मा गांधी ने एक ही लंगोटी में जिंदगी काट दी। यहां तक कि 'इंगलैंड गोलमेज कांफ्रैंस' में भी एक लंगोटी और एक धोती में गए। महात्मा गांधी को 'महात्मा', 'बापू', 'राष्ट्रपिता' के अलंकार यूं ही नहीं मिले। महात्मा गांधी ने कलह हिंसा, अन्याय, अत्याचार तथा शोषण के निवारण के लिए अहिंसा का सहारा लिया। सत्याग्रह द्वारा दूसरे व्यक्ति के हृदय में सत्य के प्रति सम्मान जगा कर उसे देशहित में लाना ही उनका प्रमुख उद्देश्य था। सत्याग्रही झूठी प्रतिष्ठा के चक्र में अपने सत्य मार्ग को त्यागता नहीं। उपवास, असहयोग, सविनय अवज्ञा द्वारा सत्याग्रह को पवित्र बनाया जा सकता है। चरखे के पीछे की भावना थी कि हम सादा खाएं, सादा पहनें और अहं को छोड़ समाज में शांति से विचरण करें। अपने जीते जी उन्होंने कष्ट, आलोचना निंदा का हंसते–हंसते सामना किया, किसी के प्रति भी घृणा का भाव नहीं। महात्मा गांधी की 'आत्म विजय' की भावना से मनुष्य मन, इंद्रियों, शरीर, बुद्धि पर नियंत्रण कर सकता है। घृणा और भय को त्यागने से ही सत्य के दर्शन हो सकते हैं। महात्मा गांधी ईश्वरभक्त थे। वह सभी धर्मों का सत्कार करते थे। 'धर्म परिवर्तन' को गांधी जी अनुचित समझते थे। मानव सेवा ही परम धर्म है। राजनीति धर्म की दासी है, स्वामिनी नहीं। धर्म राजनीति को पवित्र बनाता है। राम, सीता, राम चरित मानस, महात्मा गांधी के आदर्श थे। पहले विश्व युद्ध में महात्मा गांधी ने अंग्रेजों से सहयोग किया, परन्तु युद्ध समाप्ति पर अंग्रेजों ने 'रोलेट एक्ट' जैसा भारत विरोधी एक्ट पास कर स्थानीय लोगों पर जुल्म ढहाने शुरू कर दिए। इसीलिए महात्मा गांधी ने दूसरे विश्व युद्ध में अंग्रेजों का विरोध किया। महात्मा गांधी अथाह सागर की भांति बड़े विस्तृत तथा अहम थे। गांधी 'महात्मा' इसलिए थे कि वह दूसरों के लिए जिए, दूसरों के हाथों मरे भी। वह भारत के सच्चे प्रतिनिधि थे। 'बिड़ला हाऊस' में लखपतियों के बीच रहकर भी गांधी जी की सोच सदा गरीबों के हित में रही। उन्होंने हमेशा रेलवे के तीसरे दर्जे में यात्रा की। राष्ट्र की गति, स्थिति, कृति और मति में उनका विलक्षण योगदान है। गांधी हमेशा मानवता की रक्षा में खड़े रहे। आज का नेता पंडित नेहरू पर भी तरह–तरह के आरोप लगा रहा है। उनके लार्ड माऊंटबेटन की पत्नी के साथ आंतरिक रिश्ते थे। कश्मीर समस्या नेहरू की देन है। उनकी कश्मीर घाटी के नेता शेख अब्दुल्ला से मित्रता थी। इत्यादि–इत्यादि। परन्तु उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि पंडित नेहरू आधुनिक भारत के नव–निर्माण में विश्वास रखते थे। औद्योगिक क्षेत्र में भारत को दुनिया के नक्शे पर देखना चाहते थे। नेहरू एक फिलॉसफी थे। अपने ऐसे नेताओं को कोसने, उन्हें गाली देने से देश का हित नहीं होगा। आज का नेता गांधी और जवाहर से आगे निकल कर बताए, अपने को गांधी और नेहरू बनाए।

# क्या भारत यूरोपीय संघ को वस्त्र निर्यात के मामले में बंगलादेश को पीछे छोड़ सकता है?

अर्नब चक्रवर्ती

भारत का वस्त्र उद्योग वैश्विक निर्यात बाजारों में लगातार पिछड़ता जा रहा है। इसके विपरीत, बंगलादेश ने निर्यात के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। हाल ही में हस्ताक्षरित भारत–यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफ.टी.ए.) और बंगलादेश के अल्प विकसित देश (एल.डी.सी.) का दर्जा समाप्त होने की संभावना को देखते हुए, यह भारत के वस्त्र उद्योग के लिए एक सुनहरा अवसर है। वस्त्र मूल्य शृंखला के भीतर, यूरोपीय संघ को भारत का निर्यात मुख्य रूप से तैयार कपड़ों जैसे टी–शर्ट, शर्ट और ट्राऊजर की बजाय मध्यवर्ती उत्पादों (विशेष रूप से धागे और कपड़े) पर केंद्रित है। बंगलादेश का निर्यात विशेष रूप से 2 श्रेणियों के तैयार कपड़ों में भारत से कहीं अधिक है, बुने या क्रोशिया से बने वस्त्र (जैसे टी–शर्ट, जर्सी, पुलओवर, स्वैटर और काघ्डगन) और बुने हुए वस्त्र (जैसे सूट, जैकेट, ट्राऊजर, ड्रैस और शर्ट)।

बुने हुए,क्रोशिया किए गए वस्त्रों के लिए यूरोपीय संघ के कुल आयात में भारत की हिस्सेदारी 2009 में लगभग 6.5 प्रतिशत से घटकर 2023 में लगभग 4.4 प्रतिशत रह गई। वहीं, बंगलादेश की हिस्सेदारी 2000 में मात्र 6 प्रतिशत से बढ़कर 2009 में 13 प्रतिशत और 2023 तक 26 प्रतिशत हो गई। बुने हुए वस्त्रों के व्यापार में भी इसी तरह का रुझान देखने को मिलता है। बुने हुए वस्त्रों के मामले में, यूरोपीय संघ को भारत के नाममात्र निर्यात मूल्य में निरपेक्ष रूप से गिरावट आई है, जो लगभग 3.5 अरब डॉलर के शिखर से गिरकर 2.9 अरब डॉलर हो गया है। सभी उत्पादों में भारत की प्रति इकाई कीमत लगातार बंगलादेश से अधिक है। इससे निम्नलिखित संकेत मिल सकते हैं रू पहला, भारत अधिक मूल्यवर्धित, बेहतर गुणवत्ता वाले वस्त्रों का निर्यात कर रहा होगा, जिससे वह अधिक कीमतें वसूलने में सक्षम है। हालांकि, इसकी कम बाजार हिस्सेदारी से पता चलता है कि आम बाजार में बिकने वाले परिधानों की तुलना में ऐसे उत्पादों की यूरोपीय संघ में मांग सीमित है, जिससे संकेत मिलता है कि केवल 'प्रीमियम पोजीशनिंग' (यदि संभव हो तो) से बिक्री में वृद्धि नहीं हो सकती। दूसरा, और अधिक संभावित कारण यह है कि ऊंची कीमतें संरचनात्मक कमियों को दर्शाती हैं–उच्च उत्पादन लागत, कम एकीकृत आपूर्ति शृंखलाएं और रसद संबंधी अक्षमताएं। इसके अलावा, भारतीय और बंगलादेशी उत्पादों पर लगने वाले शुल्क में भी काफी अंतर है। बंगलादेश, एक अल्पविकसित देश होने के नाते, यूरोपीय संघ में शुल्क–मुक्त और कोटा–मुक्त प्रवेश का लाभ उठाता रहा है। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह शून्य–टैरिफ पहुंच तब भी लागू होती है, जब वस्त्र यूरोपीय संघ की मानक 'दोहरे परिवर्तन' की आवश्यकता को पूरा नहीं करते। इसका मतलब यह है कि बंगलादेश दुनिया में कहीं से भी कपड़ा आयात कर सकता है, घरेलू स्तर पर कपड़े सिल सकता है और उन्हें शून्य शुल्क पर यूरोपीय संघ को निर्यात कर सकता है। भारत को इस तरह की तरजीही सुविधा प्राप्त न होने के कारण यूरोपीय संघ के मोस्ट फेवर्ड नेशन (एम.एफ.एन.) टैरिफ के तहत लगभग 12 प्रतिशत का भुगतान करना पड़ता है। दो प्रमुख संरचनात्मक बदलाव निकट भविष्य में दिखाई देने वाले हैं। सबसे पहले, बंगलादेश 2029 में अपने ई.बी.ए. लाभ खोने वाला है। इसका अर्थ होगा यूरोपीय संघ में स्वतरू शुल्क–मुक्त प्रवेश का अंत और परिधान निर्यात पर संभावित रूप से लगभग 12 प्रतिशत का एम.एफ.एन. (फाइनल फॉरेन नेटिव) टैरिफ लग सकता है। इसके बाद बंगलादेश यूरोपीय संघ की जनरलाइज्ड स्कीम ऑफ प्रैफरैंसेस प्लस (जी.एस.पी.) में प्रवेश करने का प्रयास करेगा, जो वस्त्रों सहित लगभग दो–तिहाई टैरिफ मदों पर शून्य टैरिफ प्रदान करता है। हालांकि, जी.एस.पी. में मूल के सख्त नियम (आर.ओ.ओ.) और सुरक्षा प्रावधान लागू होते हैं। बंगलादेश कपड़ों के लिए अन्य देशों (भारत सहित) पर काफी हद तक निर्भर है, इसलिए इसका मतलब यह हो सकता है कि बंगलादेश के वस्त्र शुल्क मुक्त प्रवेश के लिए जी.एस.पी.–आर.ओ.ओ. की शर्तों को पूरा न करें। ऐतिहासिक रूप से, यूरोपीय संघ दोहरे परिवर्तन मानदंड पर अपने रुख पर कायम रहा है। यदि वह ऐसा करना जारी रखता है, तो बंगलादेश को गंभीर नुकसान होगा। यदि प्रतिस्पर्धा मूल्य–आधारित है, तो बंगलादेश अपना बाजार हिस्सा खो सकता है। दूसरी ओर, यदि बंगलादेश का प्राथमिक लाभ आपूर्ति शृंखला एकीकरण से आता है, तो वह उच्च शुल्कों के बावजूद भी अपना प्रभुत्व बनाए रख सकता है। भारत–ई.यू. समझौते के तहत भारत को यूरोपीय संघ के कपड़ा बाजारों में शुल्क–मुक्त प्रवेश मिलेगा, बशर्ते 2 चरणों वाली प्रसंस्करण प्रक्रिया अनिवार्य हो। चूंकि भारत का कपड़ा उद्योग पहले से ही अपेक्षाकृत एकीकृत है (परिधान उत्पादन में प्रयुक्त अधिकांश धागे और कपड़े का निर्माण देश में ही होता है), इसलिए 2 चरणों वाली प्रसंस्करण प्रक्रिया भारतीय कपड़ा निर्यात के लिए कोई बाधा नहीं बनेगी। परिणामस्वरूप, भारतीय निर्यातक बिना किसी बड़े पुनर्गठन के मूल नियमों की कठोरता को पूरा करने के लिए अच्छी स्थिति में हैं। वियतनाम के परिधान निर्यात का हालिया अनुभव, जिसमें 2020 में यूरोपीय संघ–वियतनाम मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर के बाद उछाल देखा गया, भारत के लिए भविष्य में मौजूद अवसरों का संकेत है।

# सामूहिक विवाह समारोह में कई जोड़े बने जीवनसाथी

न्यूज वाणी ब्यूरो



बिजनौर। ( नहटौर ) मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत शनिवार को नूरपुर रोड स्थित संगम सरोवर बैंक्वेट हॉल में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 205 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे। समारोह में 190 हिंदू जोड़ों का विवाह गायत्री परिवार के पंडित उपेंद्र कुमार ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया, जबकि 15 मुस्लिम जोड़ों का निकाह मौलाना इस्तखार अहमद ने पढ़ाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक ओम कुमार अपनी पत्नी शोभा रानी के साथ उपस्थित रहे। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को उपहार भेंट कर आशीर्वाद दिया। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार की यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए सहारा साबित हो रही है और इससे सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा मिल रहा है। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार, बीडीओ प्रताप सिंह, एडीओ पंचायत मनोज कुमार, एडीओ आईएसबी दीनदयाल सिंह, एडीओ समाज कल्याण, एडीओ .षि अमोल तोमर, एडीओ .षि रक्षा राजू सिंह, भाजपा पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष तिलकराज सैनी, विनिता शर्मा, डॉ. उर्मिला पाल, वैभव गोयल आदि मौजूद रहे।

## अरुण कोल्ड स्टोरेज एंड एग्रो इंडस्ट्रीज का उद्घाटन वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने फीता काटकर किया

न्यूज वाणी ब्यूरो



शहजहांपुर मीरानपुर कटरा। कटरा जलालाबाद स्टेट हाईवे पर आज अरुण कोल्ड स्टोरेज एंड एग्रो इंडस्ट्रीज का शुभारंभ हो गया।वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार सुरेश कुमार खन्ना ने आज अरुण कोल्ड स्टोरेज का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया डबल इंजन की सरकार में चहुओर उद्योगों का विकास हो रहा है। उद्योगों से बेरोजगारों को रोजगार मिल रहा है।.कोल्ड स्टोरेज के खुलने से किसानों को अपनी उपज को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी और उन्हें अपनी फसल का सही मूल्य मिलेगा। और .सरकार भी कोल्ड स्टोरेज खोलने के लिए 35: से 50: तक की सब्सिडी दे रही है...जिससे किसानों और निवेशकों को प्रोत्साहन मिल रहा है। इस दौरान सांसद अरुण कुमार सागर अंकित सागर अभिषेक सागर कटरा विधायक डॉ वीर विक्रम सिंह प्रिंस डीपीएस राठौर पवन सिंह राजीव कश्यप सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता कौशल किशोर यादव श्याम गुप्ता शंकर लाल सागर गौरव सागर नरेंद्र मौर्या सुरजीत सिंह आदि गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## अरुण कोल्ड स्टोरेज एंड एग्रो इंडस्ट्रीज का उद्घाटन वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने फीता काटकर किया

न्यूज वाणी ब्यूरो /शहजहांपुर मीरानपुर कटरा । कटरा जलालाबाद स्टेट हाईवे पर आज अरुण कोल्ड स्टोरेज एंड एग्रो इंडस्ट्रीज का शुभारंभ हो गया।वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार सुरेश कुमार खन्ना ने आज अरुण कोल्ड स्टोरेज का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया डबल इंजन की सरकार में चहुओर उद्योगों का विकास हो रहा है। उद्योगों से बेरोजगारों को रोजगार मिल रहा है।.कोल्ड स्टोरेज के खुलने से किसानों को अपनी उपज को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी और उन्हें अपनी फसल का सही मूल्य मिलेगा। और .सरकार भी कोल्ड स्टोरेज खोलने के लिए 35: से 50: तक की सब्सिडी दे रही है...जिससे किसानों और निवेशकों को प्रोत्साहन मिल रहा है। इस दौरान सांसद अरुण कुमार सागर अंकित सागर अभिषेक सागर कटरा विधायक डॉ वीर विक्रम सिंह प्रिंस भाजपा जिला अध्यक्ष के सी मिश्रा डीपीएस राठौर पवन सिंह राजीव कश्यप सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता कौशल किशोर यादव श्याम गुप्ता शंकर लाल सागर गौरव सागर नरेंद्र मौर्या सुरजीत सिंह आदि गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## चंद्रशेखर आजाद ने सरकार पर तीखा निशाना साधते हुए कहा सबका साथ, सबका विकास का दावा खोखला

न्यूज वाणी ब्यूरो /बिजनौर । आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने सरकार पर तीखा निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि देश की मौजूदा स्थिति पहले जैसी नहीं रही है। अब पीड़ित लोगों की मदद जाति, बिरादरी और धर्म के आधार पर की जा रही है। प्रेस वार्ता में सांसद आजाद ने संवैधानिक पद पर बैठे मुख्यमंत्री के 80–20 प्रतिशत वाले बयान का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इस बयान पर न्यायालय भी संज्ञान नहीं लेता है। भाजपा के सबका साथ, सबका विकास नारे को उन्होंने खोखला बताया। आजाद ने कहा कि मौजूदा सरकार में गरीबों का भी काम नहीं हो रहा है। देश में धार्मिक आजादी पर भी संकट मंडरा रहा है। रमजान में इतार और सहरी के समय सायरन नहीं बजाने दिया गया। गत दिनों रविदास जयंती पर शोभायात्रा निकालने की अनुमति भी नहीं मिली। उन्होंने जोर देकर कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों ने ऐसे भारत की कल्पना नहीं की थी। यह सरकार जनविरोधी है और दलित, मुस्लिम, ओबीसी तथा गरीबों से विशेष चिढ़ रखती है। अब हर नागरिक को अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ेगा।

## विवाहिता ने लगाया अपने ससुर पर दुष्कर्म करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो /बिजनौर । ( किरतपुर ) पीड़िता ने थानाध्यक्ष किरतपुर को दी तहरीर में बताया कि उसका निकाह करीब चार वर्ष पूर्व नगर के एक मोहल्ला में हुआ था। रुख्सती करीब पांच माह पहले हुई थी। विवाह के बाद से ही उसका ससुर उस पर गलत नजर रखता था। इस संबंध में उसने अपने पति से शिकायत भी की थी, लेकिन पति ने गलतफहमी बताकर बात टाल दी। पीड़िता के अनुसार, कुछ समय बाद उसका पति रोजगार के सिलसिले में सऊदी अरब चला गया और वर्तमान में वहीं रह रहा है। जनवरी की मध्यरात्रि जब उसकी सास स्योहारा गई हुई थी तभी ससुर ने उसे अकेला पाकर बुरी नियत से पकड़ लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के अगले दिन वह अपने मायके आ गई। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उसे धमकी दी कि यदि उसने किसी को घटना की जानकारी दी तो उसे जान से मार देगा। भय और दहशत के कारण वह तत्काल शिकायत नहीं कर सकी। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## सभी वार्डों में लगेगा नि:शुल्क परामर्श शिविर: डॉ संजय सिंह

### -बढ़ुआ गोदाम में शारदा नारायण ने लगाया नेत्र शिविर, 98 लाभान्वित

न्यूज वाणी ब्यूरो /मऊ। नगर के सभी वार्डों में क्षेत्रवार नि:शुल्क परामर्श शिविर का आयोजन कर जनमानस में स्वास्थ्य जागरुकता पैदा किया जाएगा। शारदा नारायण हास्पिटल के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में सबके शुगर, ब्लड–प्रेशर एवं अन्य कई प्रकार की जांच की जाएगी। इस दौरान हृदय रोग, स्त्री एवं प्रसुति रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग, अस्थि रोग, छाती रोग विशेषज्ञ के साथ फिजियोथिरैपी की जानकारी प्रदान की जाएगी। यह बातें प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ संजय सिंह ने बढ़ुआ गोदाम में आयोजित नि:शुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर में कही। शिविर में 98 मरीजों की जांच कर नि:शुल्क दवाओं का वितरण किया गया। इस दौरान सबके ब्लड–प्रेशर व शुगर की जांच की गई।



# श्री 1008 मल्लिनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक महामहोत्सव के अवसर श्री दिगम्बर जैन गुरुतीर्थ निर्मलायतन नानौता में जैन समाज द्वारा निकाली जा रही है श्री जी की रथयात्रा

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानौता सहारनपुर। श्री दिगम्बर जैन गुरुतीर्थ निर्मलायतन नानौता मे प्रातः बेला में श्री जी का अभिषेक व शांतिधारा की गई व विशेष पूजन–अर्चना किया गया। इसके पश्चात देवाधिदेव श्री 1008 मल्लीनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव निर्वाण कांड पढ़कर श्री जी को लाडू समर्पित करके बड़ी धूमधाम से मनाया गया। मंदिर जी में निर्माणाधीन चौबीसी मंदिर के विषय में श्रद्धालुओं को आचार्य श्री द्वारा जानकारी दी गयी द्य श्री की रथयात्रा निर्मलायतन से शुरू होकर नगर के मुख्य बाजार स्थित श्री दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर जी नानौता पहुचीं व वही पर श्री जी का अभिषेक रथ पर सवार पात्रों द्वारा किया गया । समस्त मांगलिक कार्यक्रम में आचार्य श्री 108 नयन सागर जी महाराज का सानिध्य मिला। कार्यक्रम में नानौता, सहारनपुर, शामली, देवबंद, बड़ौत, दिल्ली, सरध्ना, रामपुर मनिहारान, देहरादून आदि विभिन्न स्थानों से श्रद्धालुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही । श्री जी को लेकर सौधर्म इंद्र बनकर अंकित जैन, नमेश्वर प्रसाद जैन सहारनपुर वाले बैठे । धनपति कुबेर बनने का अवसर आशीष जैन नकुड वालों को मिला। दायाँ इंद्र अजय कुमार जैन सहारनपुर वाले बने व बायां इंद्र सुधीर कुमार जैन सहारनपुर वाले बने। जैन धर्म के विद्वान पंडित शास्त्री अशोक जैन दिल्ली वालों ने सभी मांगलिक क्रियाएं मंत्रोंचारण कर विधिवत पूर्ण कराई । सुरक्षा के मद्देनजर थानाध्यक्ष नवीन कुमार सैनी व एसएसआई जितेंद्र सिंह तेवतिया पुलिस टीम के साथ यात्रा के साथ चल रहे थे। यात्रा में राकेश जैन , राजेश जैन, अरिहंत जैन, अनिल जैन, जिनेन्द्र प्रसाद जैन (काकू), मनोज जैन सर्राफ, संदीप जैन,कलश जैन, पंकज जैन, मनोज जैन, हर्ष जैन, अभिषेक जैन, रोबिन जैन, पंडित अशोक जैन, आकाश जैन, अजय जैन, अंश जैन, तरुण जैन, नितिन जैन, शुभव जैन, अमित जैन, हिमांशु जैन, अंकुर जैन, सुभाष चंद्र जैन ,अंकित जैन ,सौरभ जैन, अजय जैन ,पारुल जैन, सुधीर जैन, सत्येंद्र जैन, हंस कुमार जैन ,अविनाश जैन, विनोद कुमार जैन ,पूर्वी जैन, रीमा जैन, प्रियंका जैन, निशी जैन, रेखा जैन, सीमा जैन, मुनेश जैन,ख्याति जैन ,पूनम जैन,अरुणा जैन ,रचना जैन आदि शामिल रहे।



# सिधौली: हिंदोरा में 'पीला पंजा' चलने पर मचा बवाल, विधायक मनीष रावत ने किसानों के साथ दिया धरना

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिधौली सीतापुर। तहसील सिधौली के ग्राम हिंदोरा में सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाने की प्रशासनिक कार्रवाई ने अब राजनीतिक और सामाजिक तूल पकड़ लिया है। दो दिन पूर्व प्रशासन द्वारा करीब 25 बीघा खेत में खड़ी फसलों पर ट्रैक्टर चलवाकर उन्हें जोत दिया गया, जिसके बाद से पीड़ित किसान और ग्रामीण आक्रोशित हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय विधायक मनीष रावत मौके पर पहुंचे और प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। बिना नोटिस कार्रवाई का आरोपरू 15 दिन में कटनी थी फसल पीड़ित किसान शंकर उर्फ मुन्ना, बच्चूलाल, विश्वनाथन, अनामिका और मोनिका का कहना है कि जिस जमीन को सरकारी बताकर जोता गया है, वह उनकी पुश्तैनी भूमि है। किसानों के गंभीर आरोप हैं किरू प्रशासन ने कार्रवाई से पहले कोई नोटिस या पूर्व सूचना नहीं दी। फसलें



पकने में महज 15 दिन का समय शेष था, लेकिन प्रशासन ने संवेदनहीनता दिखाते हुए महीनों की मेहनत बर्बाद कर दी। जमीन के कागजात होने के बावजूद अधिकारियों ने उनकी एक न सुनी। किसानों के समर्थन में जमीन पर बैठे विधायक घटना की सूचना मिलते ही सिधौली विधायक मनीष रावत हिंदोरा गांव पहुंचे। किसानों का दर्द देख विधायक खुद उनके साथ जमीन पर बैठ गए और धरने का समर्थन किया। उन्होंने मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और निष्पक्ष जांच की मांग की। अगर किसानों की निजी भूमि पर बिना जांच और सूचना के कार्रवाई हुई है, तो यह सरासर अन्याय है। किसानों के साथ हुए इस आर्थिक नुकसान की भरपाई शासन स्तर से कराई जाएगी और जो भी अधिकारी इसमें दोषी पाया जाएगा, उस पर कार्रवाई सुनिश्चित होगी।ष . मनीष रावत, विधायक (सिधौली) प्रशासनिक हलचल और मुआवजे की मांग मामले के गरमाते ही एसडीएम राखी वर्मा भी दलबल के साथ मौके पर पहुंचीं। विधायक मनीष रावत ने फोन पर जिलाधिकारी (क्ड) से वार्ता कर पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच और पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। फिलहाल गांव में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है और भारी पुलिस बल तैनात है।

### मुख्य बिंदुः

प्रभावित क्षेत्रः ग्राम हिंदोरा, तहसील सिधौली। नुकसानरू 25 बीघा भूमि पर खड़ी फसल नष्ट। प्रशासन का पक्षरू जमीन को सरकारी चरागाहध अवैध कब्जा बताया गया। किसानों का पक्षरू भूमि को निजी बताया और एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाया।

# पेट की आग लेकर सड़क पर उतरे दारुका पेपर मिल के मजदूर, मालिक के घर के बाहर 'हल्ला बोल'

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। जनपद के दारुका पेपर मिल के मजदूरों के सब्र का बांध रविवार को एक बार फिर टूट गया। महीनों से बकाया मजदूरी न मिलने से नाराज दर्जनों मजदूरों ने कोतवाली नगर क्षेत्र के मंडी चौकी स्थित मिल मालिक के आवास का घेराव किया और धरने पर बैठ गए। आर्थिक तंगी से जूझ रहे मजदूरों ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि जब तक पाई–पाई का हिसाब नहीं होगा, आंदोलन थमेगा नहीं। चार महीने से बंद है मिल, चौखट–चौखट भटक रहे मजदूर मजदूरों का आरोप है कि मिल मालिकों के बीच आपसी विवाद के चलते करीब चार महीने पहले मिल पर अचानक ताला लटक गया। बिना किसी पूर्व सूचना के मिल बंद होने से सैकड़ों परिवारों के सामने रोजी–रोटी का संकट खड़ा हो गया है। मजदूरों ने बताया किरू आर्थिक संकटरू वेतन न मिलने से बच्चों की स्कूल फीस और घर का राशन जुटाना मुश्किल हो गया है। टालमटोल की नीतिरू प्रशासन और प्रबंधन से कई बार गुहार लगाई गई, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन का झुनझुना थमा दिया जाता है। अधूरा भुगतानरू विरोध करने पर कभी–कभी नाममात्र की राशि दे दी जाती है, जो ष्ऊंट के मुंह में जीराष समान है। किसान संगठनों का भी मिला साथ, फिर भी प्रशासन मौन मजदूरों के इस संघर्ष में पहले भी किसान संगठनों ने आवाज बुलंद की थी, लेकिन स्थिति श्जस की तसश् बनी हुई है। रविवार को जब 30 से अधिक मजदूर मालिक के घर के बाहर डटे, तो स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस और प्रशासन की टीम ने मजदूरों को समझाने और मामले का समाधान



निकालने का आश्वासन दिया है। हम अपनी मेहनत का हक मांग रहे हैं, कोई भीख नहीं। जिलाधिकारी से लेकर मिल प्रबंधन तक, हमने हर दरवाजा खटखटाया, लेकिन हमारे बच्चों के आंसू किसी को दिखाई नहीं दे रहे।ष झ . प्रदर्शनकारी मजदूर आगे की चेतावनी मजदूरों ने दो टूक कहा है कि यदि जल्द ही पूरे बकाया वेतन का भुगतान नहीं किया गया, तो यह शांतिपूर्ण धरना एक उग्र आंदोलन का रूप ले लेगा। फिलहाल पुलिस की मौजूदगी में स्थिति पर नजर रखी जा रही है, लेकिन मजदूरों का आक्रोश कम होता नहीं दिख रहा।

# राकेश टिकैत ने कहा किसानों के लिए घातक है अमेरिका से व्यापार समझौता।

न्यूज वाणी ब्यूरो /बिजनौर। ( नूरपुर ) भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील किसानों के लिए घातक है। सरकार व्यापारियों और किसानों को बर्बाद करने पर तुली है। इस व्यापार को रोकने के लिए बड़ा आंदोलन करना पड़ेगा। यह बात राकेश टिकैत ने किसान महापंचायत में कही। साथ ही किसानों की एकजुटता पर जोर दिया। शनिवार को नूरपुर के गांव अब्दुल्लापुर दहाना में किसान हुंकार महापंचायत का आयोजन किया गया, जिसमें बिजनौर, मुरादाबाद और अमरोहा के किसान शामिल हुए। भाकियू टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने केंद्र सरकार की भारत–अमेरिका ट्रेड डील पर निशाना साधा। कहा कि सरकार किसानों और व्यापारियों को बर्बाद करने पर तुली है। भारत अमेरिका के बीच व्यापार समझौता किसानों के लिए घातक है। व्यापार समझौते से देश में सब्सिडी और बिना टैरिफ के आने वाले सामानों से देश के किसानों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। इसलिए इसे रोकने के लिए बड़ा आंदोलन करना होगा। उन्होंने हिंदुओं को तीन बच्चे करने चाहिए वाले मोहन भागवत के बयान पर कटाक्ष किया। कहा कि सरकार के पास अस्पताल, स्कूल और रोजगार नही है। ऐसे में सरकार जनसंख्या बढ़ाकर देश को नरक में झोंकना चाहती है।

## संपूर्ण समाधान दिवस में कई शिकायत दर्ज, अनेकों का किया हाथो हाथ समाधान

न्यूज वाणी ब्यूरो /बिजनौर । ( धामपुर ) डीएम जसजीत कौर ने अधिकारियों को संपूर्ण समाधान दिवस की महत्ता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने समयबद्ध तरीके से ग्रामीणों की शिकायतों का गुणवत्तापरक निदान किए जाने के निर्देश दिए। इस मौके पर 170 लोगों ने अपनी शिकायती दर्ज कराई। इनमें मात्र 12 शिकायतों का अधिकारियों ने मौके पर समाधान कराया। गांव हरपुर निवासी महेंद्र सिंह ने बताया कि कुछ लोगों ने नहर और चकरोड की जमीन पर कब्जा कर रखा है। कई बार प्रार्थनापत्र दिए, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने अवैध कब्जा को हटाने की मांग की है। चतरपुर दल्ली वाला के ग्रामीणों ने बताया कि उनके यहां पर भी सरकारी जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा है। सरकारी सिस्टम शिकायत करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं कर रहा। इस मौके पर जिलाधिकारी ने शामिल सभी शिकायतों का गुणवत्ता परक समाधान किए जाने के निर्देश दिए संपूर्ण समाधान दिवस कार्यक्रम के बाद जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी कार्यालय, कोर्ट का निरीक्षण किया और लंबित कार्य को पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम स्मृति मिश्रा, तहसीलदार धनराज कुमार, सीओ अभय कुमार पांडे सहित जिला स्तर के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## खनन विभाग और राजस्व विभाग की टीम ने नजीबाबाद क्षेत्र के कई स्टोन क्रेशर किए सील

न्यूज वाणी ब्यूरो /बिजनौर । ( मंडावली ) डीएम के निर्देश पर खनन विभाग और राजस्व विभाग की टीम ने नजीबाबाद क्षेत्र के तीन स्टोन क्रेशर विभिन्न अनियमिताओं में सील कर दिए। मैसेज सुपर स्टोन क्रशर का लाइसेंस निलंबित किया गया। खान बंधु प्रकरण में नजीबाबाद तीन स्टोन क्रशरों पर सील होने की गाज गिरी। डीएम जसजीत कौर के निर्देशन पर पहुंची खान और राजस्व विभाग की टीम ने श्यामीवाला स्थित मै. ताज स्टोन क्रशर, नारायणपुर रतन स्थित मैसेज सागर स्टोन क्रेशर और मैसेज सुपर स्टोन क्रशर पहुंचकर विभिन्न अनियमिताओं की जांच की। टीम में शामिल क्षेत्रीय कार्यालय खान विभाग बरेली के सीनियर सर्वेयर दिनेश कुमार, खान निरीक्षक सुनील कुमार मौर्य, नायब तहसीलदार अमित कुमार तीनों स्टोन क्रशरों को विभिन्न अन्य अनियमितताओं में सील कर दिया। नारायणपुर रतन स्थित मै. सुपर स्टोन क्रशर का लाइसेंस निलंबित किया गया। श्यामीवाला स्थित ताज स्टोन क्रशर और नारायणपुर रतन स्थित सुपर स्टोन क्रशर हुमा समद पत्नी मो. तालिब निवासी चाहशीरी बिजनौर और नारायणपुर स्थित मै. सागर स्टोन क्रशर मोहल्ला तराई शेरकोट निवासी आफाक के नाम से पंजी.त है। तीनों स्टोन क्रशर पर स्टॉक संबंधी अनियमितताएं पर तत्काल प्रभाव से खनन सामग्री के विक्रय– विक्रय पर भी प्रशासन ने रोक लगा दी।

## रेलवे फाटक के पास अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी, पुलिस जांच में जुटी

न्यूज वाणी ब्यूरो /नानौता सहारनपुर। देवबंद मार्ग स्थित रेलवे फाटक के पास एक अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सुबह राहगीरों ने फाटक के पास छान में एक व्यक्ति को अचेत अवस्था में पड़ा देखा, जिसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया और व्यक्ति की पहचान का प्रयास किया लेकिन व्यक्ति की शिनाख्त नही हो पायी। बताया गया कि रेलवे फाटक पर गन्ना उठाने का कार्य करने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को जानकारी दी कि मृतक रात करीब दो बजे वहां आया था और सोने के लिए जगह मांग रहा था। इसके बाद वह फाटक के पास पड़ी छान में जाकर लेट गया। सुबह जब उसे देखा गया तो वह मृत अवस्था में पड़ा था। मौके पर थाना प्रभारी नवीन कुमार सैनी भी पुलिस बल के साथ पहुंचे और आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस के अनुसार मृतक की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। मृतक के पास एक बैग और शादी समारोह के मिठाई का डिब्बा मिला है, जिससे आशंका जताई जा रही है कि वह किसी शादी समारोह से लौट रहा था। पुलिस ने शादी के डब्बे पर मिले नम्बर से सम्पर्क किया मगर व्यक्ति की पहचान नही हूई। थानाध्यक्ष नवीन कुमार सैनी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है और उसकी पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायपालिका की एक ऐसी सशक्त इकाई , जो न्याय को केवल न्यायालयों की दीवारों तक सीमित नहीं रखती - सचिव साक्षी सिंह

## -नगर पालिक कम्यूनिटी हाल में वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का हुआ आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में रविवार को नगर पालिक कम्यूनिटी हाल में वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर, का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ वाहन दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी श्री चन्द्रगुप्त, परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश निरंजन चन्द्र पाण्डेय, जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र नोडल अधिकारी बाकर शमीम रिजवी प्राधिकरण की सचिव साक्षी सिंह ए0डी0जे0 राजीव कुमार वत्स ए0डी0एम0 सत्यप्रिय सिंह सी0जे0एम0 डा0 .ष्ण प्रताप सिंह ने फीता काटकर किया । इस



दौरान परिसर में लगे विभिन्न विभागों के स्टालों का निरीक्षण कर जानकारी प्राप्त की। इसके उपरांत दीप प्रज्वलन व मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ जागरुकता शिविर का शुभारम्भ हुआ। इस दौरान वक्ताओं ने विधिक सेवा प्राधिकरण की पहल की सराहना करते हुए कहा कि आज न्याय की अवधारणा परिपूर्ण हो रही है न्यायिक अधिकारी केवल अदालतों में वैठकर न्याय देने तक सीमित नही रह गये है बल्कि वह समाज के अंतिम व्यक्ति को न्याय मिले और सरकार की योजनाओं से वह लाभान्वित हो इसकी भी पहल हो चुकी है। प्राधिकरण की सचिव साक्षी सिंह ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायपालिका की एक ऐसी सशक्त इकाई है, जो न्याय को केवल न्यायालयों की दीवारों तक सीमित नहीं रखती, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का कार्य करती है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु आज इस मेगा विधिक एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें प्रशासन के विभिन्न जनकल्याणकारी विभागों द्वारा अपनी योजनाओं के स्टॉल लगाए गए हैं।आगे कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21, 22 एवं 39 ए की भावना को साकार करती है, जो प्रत्येक नागरिक को जीवन, स्वतंत्रता एवं समान न्याय का अधिकार प्रदान करती है। कहा कि प्रत्येक वर्ष चार लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है, जो वैकल्पिक विवाद निस्तारण का प्रभावी मंच है। नालसा की टोल–फ्री हेल्पलाइन संख्या 15100 उपलब्ध है, जिस पर कॉल कर कोई भी व्यक्ति अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है तथा विधिक सलाह एवं सहायता प्राप्त कर सकता है। शिविर में ए0डी0जे0 दीपनरायण तिवारी, ए0डी0जे0 राजीव कुमार वत्स, सीजेएम डा0 के0पी0 सिंह, सिविल जज सि0डी0 अरुणांजलि सिंह, एसीजेएम सिद्धार्थ चतुर्वेदी, सिविल जज जू0डि0सदर, प्रियंका शर्मा जे0एम0 प्रियंका आजाद, सिविज जू0डि0 मु0वाद गोहना आकांक्षा सिंह, न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय मधुवन अमरनाथ सिविल जज जू0डि0 ममता यादव, जे0एम0 फास्ट ट्रैक काजल श्रीवास्तव,सि0जज जू0डि0एफ.टी.सी. स्तुति सोनकर ने अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी जनपद न्यायाधीशध नोडल अधिकारी वाकर शमीम रिजवी और संचालन सिविल जज सि0डी0अरुणांजलि सिंह ने किया।

### इन विभाग की ओर से लगाये गये थे स्टालः–

नगर पालिक कम्यूनिटी हाल में वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीवन मिशन, जिला उद्योग, प्रोवेशन, समाज कल्याण, मनरेगा, जिला वेसिक शिक्षा, जिला कार्यक्रम अधिकारी, श्रम विभाग, पूर्ति विभाग अग्रणी जिला प्रबंधक बैंक, स्वास्थ्य विभाग मत्स्य .षि, उद्यान, यू0पी0नेडा, डूडा, सूचना जन सम्पर्क विभाग, नगर पालिका, जिला पंचायत, यूवा कल्याण पुलिस और परिवहन विभाग की ओर से स्टाल लगाकर लोगों को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

### इन लोगों को मिला सरकारी योजनाओं का लाभः–

नगर पालिक कम्यूनिटी हाल में आयोजित वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर में जिन लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिला, उसमें उद्योग विभाग से राहुल कुमार आशीष कुमार गुप्ता अर्चना यादव ममता भारती लाभान्वित हुए। वही समाज कल्याण विभाग से रामकरण राम, वहादुर श्याम नरायण, सवरु यादव व तपेश्वर को वृद्धावस्था पेन्शन योजना का स्वी.त पत्र प्रदान किया गया। इसी क्रम में डूडा विभाग से वेचनी देवी दुर्गावती देवी करिश्मा और मन्जू देवी को प्रधानमंत्री आवास योजना का स्वी.ति पत्र मिला। वही दीपक कुमार भारद्वाज एवं तायरा फातिमा को पी0एम0 स्वनिधि योजना के तहत चेक प्रदान किया गया। दिव्यांगजन सश्क्तिकरण विभाग की तरफ से नन्दनी एवं रामविलाश को व्हील चेयर मिला। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन पी0जी0फन्ड के तहत सोनिसा प्रेरण उत्पादक समूह शिव .पा प्रेरणा महिला उत्पादक समूह, प्रियदर्शी प्रेरणा महिला उत्पादक समूह, तमसा प्रेरणा महिला उत्पादक समूह, वीणा प्रेरणा महिला उत्पादक समूह को चेक दिया गया। जिला पूर्ति विभाग की ओर से किरन, सैरुननिशा और रामसुतिया को राशन कार्ड दिया गया। वही जिला प्रोवेशन विभाग की ओर से सिन्धु मिश्रा, चन्द्रकला, निर्मला, उर्मिला देवी, नीरमा देवा को निराश्रित महिला पेन्शन तथा संजना गुप्ता सलोनी राव, महक, वैष्वी कश्यप इरम मिस्वा को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का स्वी.ति पत्र दिया गया। वही कस्तुरबा गाधी आवासीय वालिका विद्यालय रतनपुरा और कोपागंज को वेटी वचाओं वेटी पढाओं योजनांतगर्त किशोरी क्लव के लिए स्पोर्ट किट दिया गया। तथा श्रम विभाग की ओर से महेन्द्र गौड, मनोज राम प्रमिला देवी रेनू और मुन्नी देवी को निर्माण कामगार मृत्यू एवं दिव्यांगता सहायता योजना के तहत दो–दो लाख रुपये का फिक्स डिपाजिट दिया गया।

# इटावा के पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय में खेलकूद व सांस्कृतिक वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न

## –अपना दल (एस) के राष्ट्रीय पदाधिकारी डॉ. हरीशंकर पटेल ने कंप्यूटर लैब व स्मार्ट क्लास की सराहना की।

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय में दो दिवसीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक वार्षिकोत्सव कार्यक्रम 2025–26 का आयोजन उत्साह और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन के साथ मुख्य अतिथि डॉ. हरीशंकर पटेल, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अपना दल (एस) एवं विशिष्ट अतिथि योगाचार्य सुधांशु कुमार, राज्य प्रभारी पतंजलि उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें कबड्डी, खो–खो, वॉलीबॉल, क्रिकेट तथा विभिन्न दौड़ प्रतियोगिताओं में बालक–बालिकाओं ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। वहीं द्वितीय दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत गायन, नृत्य एवं नाटक प्रस्तुत कर छात्र–छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के संयोजक अशोक कुमार राजपूत, इंचार्ज प्रधानाध्यापक एवं जिलाध्यक्ष जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ इटावा के निर्देशन में सभी कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए गए। अतिथियों का स्वागत प्रतीक चिन्ह, बैज अलंकरण एवं फूलमालाओं से किया गया तथा खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के विजेता छात्र–छात्राओं को शील्ड और मेडल देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. हरीशंकर पटेल ने विद्यालय की प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि इंचार्ज प्रधानाध्यापक अशोक राजपूत के नेतृत्व और स्टाफ की मेहनत से विद्यालय निरंतर उन्नति कर रहा है। उन्होंने विद्यालय में संचालित कंप्यूटर लैब और स्मार्ट क्लास की विशेष रूप से प्रशंसा करते हुए इसे छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों एवं उपस्थित लोगों को जलपान कराया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम प्रधान पिंटू सिंह राजपूत, एसएमसी अध्यक्ष नरोत्तम सिंह राजपूत, सदस्य प्रतीक अग्रवाल, प्रमोद कुमार, संजीव राजपूत, मालिक सिंह, अमिता देवी, चित्रा कुमारी, मंजू राजपूत, सुषमा देवी, माया देवी, ममता देवी, सुशीला देवी, रामदुलारी सहित विद्यालय स्टाफ और ग्रामीणों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।



# इटावा में डीएम-एसएसपी का थाना बकेवर पर औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

## –उत्तर प्रदेश में अभिलेख संधारण, महिला सुरक्षा और जनसुनवाई को प्रभावी बनाने के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में कानून व्यवस्था और पुलिस कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 21 फरवरी 2026 को जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने थाना बकेवर का औचक निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी कार्यालय, थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, अभिलेखों का रख–रखाव, मालखाना, हवालात, शस्त्रागार तथा थाना परिसर की साफ–सफाई और अन्य व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन कर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। इस अवसर पर अभिलेखों को सुव्यवस्थित रखने, लंबित विवेचनाओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने, शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने तथा महिला संबंधी मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। साथ ही थाना परिसर की स्वच्छता और सौंदर्यीकरण बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान थाना पर उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों की गणना कर उनकी कार्यप्रणाली की समीक्षा भी की गई। अधिकारियों ने जनसुनवाई को प्रभावी, पारदर्शी और जनहितकारी ढंग से संचालित करने के निर्देश देते हुए आम जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने को कहा। इस दौरान पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।



# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कराएं प्रतिभाग

न्यूज वाणी ब्यूरो /फिरोजाबाद। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में जिलाधिकारी फिरोजाबाद रमेश रंजन, मुख्य विकास अधिकारी फिरोजाबाद शत्रोहन वैश्य एवं जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद धीरेन्द्र कुमार की सहमति एवं निर्देशन में विज्ञान लोकप्रियकरण संचार कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सेवन वंडर्स इंटर कॉलेज, सूरजपुर, दुगमई में 28 फरवरी 2026 को प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य विषय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस है। जिसमें विज्ञान विषय पर विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान कार्यक्रम, विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी, पोस्टर प्रतियोगिता, विज्ञान शपथ का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने जनपद के सभी बोर्डो के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से अनुरोध किया है कि इस वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को समय से प्रतिभाग कराकर उनके वैज्ञानिक .ष्टिकोण में वृद्धि करें। सभी प्रतिभागियों को जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद की ओर से सम्मानित किया जाएगा। सेवन वंडर्स इंटर कॉलेज, सूरजपुर दुगमई की प्रबंधक ब्रजेश कुमारी और निदेशक संजय शर्मा ने जनपद के सभी बोर्डों के विद्यालय के प्रधानाचार्यों से अपील की है कि वे अपने विद्यालय के विद्यार्थियों को वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग कराकर उनकी प्रतिभा का विकास करे।

# डलमऊ में कार-बाइक की टक्कर, युवक घायलय चालक फरार

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ रायबरेली। कार मोड़ते समय बाइक टकराने से बाइक सवार युवक घायल हो गया जिसके बाद घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डलमऊ भेजवाया गया। रविवार को अनुज कुमार पुत्र दिनेश निवासी सूची थाना सलोन उम्र करीब 25 वर्ष अपने मामा की लड़की रूपा निवासी रहमाना रायबरेली की सास की मिट्टी में गंगा घाट डलमऊ मुराईबाग अपनी बाइक से आ रहे थे तभी वहीं पर पहले से मौजूद उदयराज पुत्र देशराज उम्र करीब 26 वर्ष अपनी कार मोड रहे थे तो उसी समय कार अनुज की बाइक से टकरा गई टकराने के बाद अनुज मौके पर गिर गए तभी अनुज ने उठकर कार चालक को रोकने का प्रयास किया तो कार चालक द्वारा न रुक कर कार को आगे बढ़ा दिया इस बात को लेकर अनुज द्वारा कार की स्टेरिंग पकड़ कर रोकना चाहा तो कार चालक उदय राज द्वारा कार का शीशा ऊपर चढ़ा दिया जिससे अनुज उपरोक्त के हाथ में चोट आई तथा कार को चलाने से अनुज के घुटनों में चोट आई तभी बाइक चालक को तत्काल एम्बुलेंस बुलाकर प्राथमिक उपचार हेतु सीएचसी डलमऊ भेजा गया है। थाना प्रभारी डलमऊ राघवन सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।



# इटावा में रेलवे ट्रैक पर मिले युवक के शव का खुलासा, प्रेम प्रसंग में की गई थी हत्या

## -इटावा पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरतार, चाकू, मोबाइल व टाटा नेक्सॉन कार बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। थाना इकदिल क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर मिले अज्ञात शव के मामले का इटावा पुलिस ने सफल खुलासा करते हुए प्रेम प्रसंग में हुई हत्या का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने घटना में शामिल एक अभियुक्त को गिरतार कर हत्या में प्रयुक्त चाकू, दो मोबाइल फोन और टाटा नेक्सॉन कार बरामद की है, जबकि अन्य आरोपियों की गिरतारी के प्रयास जारी हैं। पुलिस के अनुसार 19ध्20 फरवरी 2026 की रात थाना इकदिल पुलिस को डीएफसी रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात शव पड़े होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान कराई, जिसमें मृतक की पहचान मनीष यादव पुत्र राजवीर सिंह निवासी नगला बंधा थाना भरथना के रूप में हुई। मृतक की गुमशुदगी 18 फरवरी को थाना भरथना में दर्ज कराई गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसओजी, सर्विलांस और थाना पुलिस की संयुक्त टीमों का गठन कर जांच की गई। जांच में सामने आया कि मृतक का आरोपी अभिषेक यादव की बहन से प्रेम प्रसंग था, जिससे नाराज होकर अभिषेक यादव ने अपने साथियों विपिन यादव और दीपक कुमार के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। योजना के तहत 18 फरवरी को आरोपियों ने मनीष यादव को लिट देने के बहाने टाटा नेक्सॉन कार में बैठाया और इकदिल क्षेत्र के सुनसान स्थान पर ले जाकर उसके साथ मारपीट की। विरोध करने पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव को रेलवे ट्रैक पर रखकर फरार हो गए, ताकि घटना दुर्घटना प्रतीत हो। पुलिस ने 22 फरवरी को कार्रवाई करते हुए अभियुक्त दीपक कुमार पुत्र अरविंद कुमार निवासी केशोपुर कला थाना इकदिल को गिरतार कर लिया। उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू, घटना में प्रयुक्त टाटा नेक्सॉन कार और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। इस संबंध में थाना भरथना पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि फरार अन्य आरोपियों की गिरतारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। इस कार्रवाई में एसओजी, सर्विलांस टीम और थाना भरथना पुलिस की संयुक्त टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# इटावा पुलिस की बड़ी सफलता, ठगी और गैंगस्टर एक्ट के दो दोषियों को कोर्ट से सजा

## -उत्तर प्रदेश में ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत 7 साल और 3 साल के कारावास के साथ अर्थदंड

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत इटावा पुलिस और अभियोजन की प्रभावी पैरवी के चलते 21 फरवरी 2026 को अलग–अलग मामलों में दो अभियुक्तों को न्यायालय द्वारा कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई गई। यह कार्रवाई अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत की गई। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के मामले में 7 वर्ष की सजा थाना सिविल लाइन क्षेत्र में वर्ष 2018 में दर्ज ठगी के मामले में न्यायालय एफटीसी–2 इटावा ने अभियुक्त अजीत कुमार पुत्र रामदास निवासी ग्राम तडैता थाना जैतपुर जनपद आगरा को दोषी पाते हुए 7 वर्ष के कारावास और 10,000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया। अभियुक्त लोगों को फोन पर चौटिंग कर मीटिंग के बहाने उनके बैंक खाते की जानकारी प्राप्त करता था और अपने खाते में पैसा जमा कराकर ठगी करता था। इस संबंध में थाना सिविल लाइन पर मु0अ0सं0 237ध2018 व 238ध2018 धारा 420, 467, 468, 471 भादवि तथा 66ध67 आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलित कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। पुलिस टीम, पैरोकार और अभियोजन अधिकारी द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप अभियुक्त को सजा दिलाई गई। गैंगस्टर एक्ट के आरोपी को 3 वर्ष का कारावास थाना जसवन्तनगर क्षेत्र में गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे में न्यायालय एडीजे–10 गैंगस्टर एक्ट इटावा ने अभियुक्त कन्हैया पुत्र बब्लू निवासी .ष्णानगर, जिला फिरोजाबाद को दोषी पाते हुए 3 वर्ष के कारावास और 5,000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया। अभियुक्त पर संगठित गिरोह बनाकर आर्थिक और भौतिक लाभ के लिए समाज विरोधी गतिविधियों में शामिल रहने का आरोप था। इस संबंध में थाना जसवन्तनगर पर मु0अ0सं0 369ध2022 धारा 3(1) यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना अधिकारी द्वारा साक्ष्य संकलित कर न्यायालय में प्रस्तुत किए गए, जिसके आधार पर न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत लगातार मिल रही सफलता इटावा पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रभावी पैरवी से लगातार दोषियों को सजा दिलाई जा रही है। इससे अपराधियों में भय और आम जनता में सुरक्षा की भावना मजबूत हो रही है।




# इटावा में रुक्मिणी धाम 84 कोसीय परिक्रमा यात्रा का भव्य स्वागत, पुष्प वर्षा से हुआ अभिनंदन

## –रुक्मिणी परिक्रमा में शामिल सैकड़ों संतों का व्यापारियों ने किया सत्कार, जलपान कराकर दी विदाई।

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। रुक्मिणी धाम चौरासी कोसीय परिक्रमा यात्रा के इटावा पहुंचने पर नवीन गल्ला मंडी में व्यापारियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कुदरकोट (कुन्दन पुर) से चलकर विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए इटावा पहुंची इस धार्मिक यात्रा में शामिल सैकड़ों साधु–संतों पर व्यापारियों ने पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया तथा जलपान और फलाहार कराकर सम्मानपूर्वक विदाई दी। नवीन गल्ला मंडी में व्यापार मंडल नई मंडी के अध्यक्ष प्रदीप यादव और अनोखे लाल आढ़तिया की अगुवाई में तथा व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष आलोक दीक्षित की मौजूदगी में व्यापारियों ने साधु–संतों की अगवानी की। इस दौरान मंडी परिसर श्रद्धा और भक्ति के माहौल से सराबोर रहा। बताया गया कि यह परिक्रमा यात्रा भगवान .ष्ण की पत्नी रुक्मिणी महारानी के जन्म स्थान कुन्दन पुर कुदरकोट, बिधूना जनपद औरैया से 18 फरवरी को शुरू हुई थी। यह यात्रा 84 कोस की परिक्रमा पूर्ण करते हुए 1 मार्च को पुनः कुदरकोट में ही सम्पन्न होगी। इस धार्मिक यात्रा का नेतृत्व महंत छविराम दास, महंत शिवराज दास, महामंडलेश्वर घनश्याम दास त्यागी और अमरदास जी त्यागी सहित अन्य संत कर रहे हैं। यात्रा में सैकड़ों संत महात्मा पैदल, साइकिल और अन्य माध्यमों से शामिल होकर धर्म और आस्था का संदेश दे रहे हैं। यात्रा के स्वागत के दौरान जगदीश यादव (प्रिंसिपल), पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अरविंद यादव गुड्डू सहित बड़ी संख्या में व्यापारीगण मौजूद रहे। पूरे आयोजन में श्रद्धालुओं ने बढ़–चढ़कर भाग लिया और संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया।



# अपना दल एस के दो जिला सचिव पार्टी से निष्कासित

## - समीक्षा बैठक में संगठन मजबूती पर हुई चर्चा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। रविवार को अपना दल एस के विधानसभा एवं फ्रंटल जिलाध्यक्षों की समीक्षा बैठक की गई। जिसमें मुख्य अतिथि एससी एसटी मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर सत्य प्रकाश कुरील, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रयागराज मंडल के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष स्वामी ध्यान संदेश, व प्रयागराज मंडल परिक्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष मानिकचंद पटेल ने षिरकत की। संचालन जिलाध्यक्ष शैलेंद्र पटेल एवं जिला महासचिव अरुण पटेल ने किया। बैठक में संगठन विस्तार बूथ स्तर तक चर्चा, मंच की संगठनात्मक समीक्षा, विधानसभा अध्यक्षों की समीक्षा, जोन अध्यक्षों की गहन समीक्षा, पंचायती चुनाव पर चर्चा, सदस्यता अभियान पर चर्चा की गई। अयाह षाह विधानसभा के निवर्तमान अध्यक्ष पंकज पाल एवं हुसैनगंज के निर्वतमान विधानसभा अध्यक्ष अर्जुन मौर्या को जिला सचिव बनाया गया। अनुशासनहीनता पर जिला सचिव राजेंद्र पाल एवं जिला सचिव सूरजपाल को पार्टी से निष्कासित किया गया। वहीं पर पुराने कार्यकर्ताओं पर प्रदेश सचिव सहकारिता मंच लखन सिंह पटेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। बैठक में मुख्य रूप से गोवर्धन सिंह पटेल, बृजेश पाल उपाध्यक्ष, वीरेंद्र प्रताप सिंह, शिवम सिंह, सचिन सिंह, पुष्पराज पटेल, राकेश सिंह, राजकुमार, अशोक कुमार पटेल, सुरेश सिंह पटेल, अभय सिंह, अरुण पटेल, मोहम्मद जुनैद, आशीष पटेल, दिलीप सिंह, वीरेंद्र सिंह पटेल, सीता उमराव, गौरवदत्त तिवारी, उदय सिंह पटेल, निलेश, मोहम्मद उस्मान, एलिस खान, पंकज पाल, प्रभात राजपूत, अनिल कुमार, बृजेश पटेल, राजू पटेल, सर्वेश पटेल, एनआर शर्मा, संतोष प्रजापति, विजयपाल सिंह, रामराज पाल, सुनील पटेल, प्रिंस योगेश सिंह, नीतू, साधना देवी, कांति कुशवाहा षामिल रहीं।



# घर में आग लगने से गृहस्थी खाक, बैल की मौत

## - दूसरा बैल समेत परिवार की महिलाएं व बच्चे झुलसे

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। असोथर थाना क्षेत्र के जमलामऊ गांव में षनिवार की अर्द्धरात्रि अज्ञात कारणों के चलते एक कोठरीनुमा घर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इस अग्निकाण्ड में जहां एक बैल की जलकर मौत हो गई वहीं दूसरा बैल समेत परिवार की महिलाएं व बच्चे झुलस गए। जिसका उपचार कराया गया। इस अग्निकाण्ड में लाखों रूपए के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जमलामऊ गांव निवासी राम प्रताप विष्वकर्मा का कच्चा कोठरीनुमा मकान है। अर्द्धरात्रि अचानक घर में आग लग गई। आग बढ़ने पर परिवारीजनों की नींद खुली। बताया जाता है कि राम प्रताप घर में ही दो बैल भी पाले थे। जो आग की चपेट में आ गए। परिवार की महिलाएं व बच्चे आग बुझाने में जुट गए। आग बुझाते समय वह भी झुलस गये। इस अग्निकाण्ड में राम प्रताप विष्वकर्मा की पूरी गृहस्थी जहां जलकर खाक हो गई वहीं एक बैल की मौके पर ही मौत हो गई। अग्निकाण्ड में झुलसे एक बैल व परिवार के लोगों का प्राथमिक उपचार कराया गया। आग बढ़ने पर पास–पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाई। आग के कारण लाखों रूपए के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। अग्निकाण्ड के बाद परिवारीजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।



# इटावा में मिशन शक्तिफेज 5.0 के तहत महिलाओं-बालिकाओं को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो /इटावा। मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत जनपद में महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने का अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 22 फरवरी 2026 को थाना इकदिल की मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर बालिकाओं और महिलाओं को सुरक्षा एवं स्वास्थ्य जागरूकता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस दौरान टीम द्वारा महिलाओं को विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से बताया गया, जिसमें पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एंबुलेंस सेवा 102 एवं 108, वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 सहित अन्य महत्वपूर्ण नंबर शामिल हैं। टीम ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में इन नंबरों का उपयोग कर तत्काल सहायता प्राप्त की जा सकती है। इसके साथ ही महिलाओं को केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना, आयुष्मान भारत योजना एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के बारे में जानकारी देकर इनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। मिशन शक्ति टीम ने उपस्थित छात्राओं और महिलाओं को संदेश दिया कि स्वस्थ और सतर्क रहना ही वास्तविक सुरक्षा है। साथ ही छात्र–छात्राओं को पढ़ाई को प्राथमिकता देने, अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर अपना भविष्य उज्ज्वल बनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं और छात्राओं से अपील की गई कि वे प्राप्त जानकारी को अपने परिवार, मित्रों और आसपास के लोगों के साथ साझा करें जिससे अधिक से अधिक लोग जागरूक करें।



# इटावा में निःशुल्क सामूहिक शादी सम्मेलन के लिए फर्शम जमा करने का सिलसिला तेज

## –ऑल इंडिया उलेमा व मशाइख बोर्ड ने बढ़ाई अंतिम तिथि, 1 मार्च तक किए जा सकेंगे आवेदन

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। ऑल इंडिया उलेमा व मशाइख बोर्ड यूनिट इटावा की ओर से आयोजित होने वाले निःशुल्क सामूहिक शादी सम्मेलन 2026 के लिए फॉर्म जमा करने का सिलसिला लगातार जारी है। नई बस्ती स्थित पंजाब केसरी ऑफिस में आयोजित बैठक में सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए पात्र बेटियों के आवेदन फॉर्म जमा किए गए। इस अवसर पर बोर्ड के जिला अध्यक्ष हाजी शेख शकील अहमद ने कहा कि जो बहन–बेटियां गरीब, परेशान और बेसहारा हैं तथा उनके परिवार उनकी शादी कराने में असमर्थ हैं, वे शादी सम्मेलन के लिए फॉर्म भरकर बोर्ड के किसी भी सदस्य के पास जमा कर सकती हैं, ताकि उनकी शादी सामूहिक सम्मेलन में कराई जा सके। उन्होंने बताया कि फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी से बढ़ाकर अब 1 मार्च 2026 कर दी गई है। कौमी तहफुज कमेटी के संयोजक खादिम अब्बास ने कहा कि बेटियों की शादी कराना एक नेक कार्य है और समाज के सभी लोगों की जिम्मेदारी है कि इस पुनीत कार्य में सहयोग करें। उन्होंने बताया कि शादी सम्मेलन में बेटियों का निकाह हजरत सैय्यद मोहम्मद अशरफ अशरफी अल जीलानी, राष्ट्रीय अध्यक्ष ऑल इंडिया उलेमा व मशाइख बोर्ड एवं चेयरमैन वर्ल्ड सूफी फोरम कछौछा शरीफ द्वारा पढ़ाया जाएगा, जो बेटियों के लिए सौभाग्य की बात होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि 1 मार्च अंतिम तिथि है और इसके बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। बैठक में ऑल इंडिया उलेमा व मशाइख बोर्ड के जिला अध्यक्ष हाजी शेख शकील अहमद, खादिम अब्बास, इंसानी भाईचारा समिति के अध्यक्ष मोहम्मद आमीन, इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन भारत के जिला अध्यक्ष सैफ तैमूरी, आजाद समाज पार्टी के मंडल प्रभारी अभिषेक आजाद, श्याम टेलर, मोजम अली सहित कई लोग मौजूद रहे। बैठक में अधिक से अधिक जरूरतमंद बेटियों को इस सामूहिक विवाह सम्मेलन का लाभ दिलाने का आह्वान किया गया।








# सड़क किनारे खून से लथपथ मिला युवक का शव

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के सरकी बंवारा के समीप रविवार की सुबह रोड किनारे से ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने खून से लथपथ 25 वर्शीय युवक का षव बरामद कर विच्छेदन गृह भेजा है।
जानकारी के अनुसार किषनपुर थाना क्षेत्र के नरैनी गांव निवासी झल्लर दिवाकर का पुत्र विजय दिवाकर का खून से लथपथ षव पुलिस ने सरकी बंवारा के समीप रोड किनारे से बरामद करते हुए पोस्टमार्टम भेजा है। जहां मृतक के जीजा मुकेष ने बताया कि गांव का रहने वाला संदीप द्विवेदी षनिवार की षाम यह कहकर लाया था कि सातों में नौटंकी है, लेकिन वहां कोई नौटंकी नही थी और उसके साले का षव यहां मिलने से उसको किसी अप्रिय घटना होने की आषंका है। हालांकि मृतक के परिजनों ने थाने में कोई तहरीर नहीं दी। जीजा का कहना रहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही संदीप के खिलाफ कार्रवाई करवाएगा।

# आदर्श व्यापार मंडल गर्ग गुट की हुई राष्ट्रीय कैबिनेट बैठक

## – नए जोन व जिला प्रभारियों की घोषणा

न्यूज वाणी ब्यूरो /फतेहपुर। आदर्श व्यापार मंडल गर्ग गुट की राष्ट्रीय कैबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक गर्ग आवास स्थित प्रधान कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गर्ग एवं राष्ट्रीय महामंत्री कालीशंकर श्रीवास्तव रहे। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अभिनव यादव व संचालन जिला महामंत्री अमित शरण बॉबी ने किया। बैठक में संगठन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से जिले को विभिन्न जोन में विभाजित करते हुए



अशोक यादव, गोविंद सिंह, विष्वास राज, आशीष सोनी, अजय पाल और करण चौधरी को जोन प्रभारी नियुक्त किया गया। वहीं आशीष दीक्षित को जिला प्रभारी व अजय गुप्ता को मीडिया प्रभारी बनाया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गर्ग ने कहा कि शीघ्र ही लखनऊ में एक कार्यशाला आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रदेश स्तर पर व्यापारियों के हितों की रक्षा की रणनीति तय होगी। आगामी होली और रमजान पर्व को देखते हुए व्यापारियों से मिलावटी खाद्य सामग्री न बेचने और अफवाहों से दूर रहने की अपील की गई, ताकि भाईचारे का संदेश कायम रहे। साथ ही जिला प्रशासन व फूड अधिकारियों से भी सैंपलिंग के नाम पर किसी व्यापारी का शोषण न करने की बात कही गई। बैठक में प्रदेश महिला अध्यक्ष माधुरी साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल सिंह गौतम, मोहम्मद शमीम युवा जिलाध्यक्ष मोहम्मद इमरान, अमित सोनी, संजीव चौरसिया, विनोद गौतम सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# गरीबों के घर होली की सामग्री पहुंचाने का आहवान

## – पूर्व सैनिक संगठन महिला इकाई की बैठक में महिला अपराध पर जताई चिंता

न्यूज वाणी ब्यूरो /फतेहपुर। पूर्व सैनिक उत्थान एवं लोक कल्याण समिति महिला संगठन की मासिक बैठक संपन्न हुई। अध्यक्ष जागृति तिवारी ने आगामी आने वाले होली के त्योहार की शुभकामनाएं दीं। कहा कि संगठन की महिलाएं कम से कम एक घर, जो अत्यधिक गरीब हो उनके घर रंग,



अबीर, गुझिया, चिप्स, पापड़ आदि सामान अवश्य भेजें। जिससे होली की समरसता का भाव दिख सके। इसके साथ ही होली के हुड़दंग में लोगों को नशा न करने की नसीहत दें। उन्होंने कहा कि जिले में एक बार पुनः महिलाओं के साथ अपराध बढ़ रहा है, चाहे वह कोचिंग सेंटर में जाने वाली लड़कियां हों या विद्यालयों में पढ़ने वाली छात्राएं। उन्होंने कहा कि गांव में छोटी–छोटी बातों में झगड़े होते हैं और महिलाओं के साथ ही उनके पुरुष वर्ग के लोग भी महिलाओं के साथ मारपीट करते हैं बल्कि समाज में बेइज्जत करने के उद्देश्य से उनको निर्वस्त्र करने का भी प्रयास करते हैं। जब यह सूचना लेकर पीड़ित महिला पुलिस प्रशासन के पास जाती है तो उचित धाराओं में मुकदमा पंजी.त न करके जब महिला संगठन न्याय की बात करने लगती है तब अपने बचाव के लिए अपराधियों का शांति भंग की संभावना में निरुद्ध कर देते हैं, और इस प्रकार पीड़िता को न्याय नहीं मिलता ऐसे बहुत से मामले महिला संगठन में आते हैं कुछ को महिला संगठन न्याय दिला पाता है परंतु बहुत से कैसे बिना न्याय पाए हुए ही दम तोड़ देते हैं। कुछ मामलों में तो पीड़ित महिला आत्महत्या तक कर लेती है तब पुलिस प्रशासन की नींद खुलती है। महिला संगठन इसकी घोर भर्त्सना करती है। इस संदर्भ में अतिशीघ्र महिला संगठन पुलिस अधीक्षक से मिलकर महिलाओं की चिंताओं से अवगत कराकर न्याय दिलाने का कार्य करेगी।

# सदर विधानसभा में युवाओं ने थामा कांग्रेस का दामन

## - भाजपा अनीति के मार्ग पर चलकर अपना रही दमनकारी नीति : महेश

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। कांग्रेस कार्यालय ज्वालागंज में सदर विधानसभा के युवाओं ने जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी से कांग्रेस की सदस्यता लेते हुए



कांग्रेस का दामन थाम लिया। जिनमें शिवम् द्विवेदी, अजय गुप्ता, विनय मौर्य, सूरज राजपूत, ज्ञान सिंह राजपूत, राजेश राजपूत, दया शंकर तिवारी, ओम प्रकाश राजपूत को शहर अध्यक्ष मो0 आरिफ गुड्डा ने पार्टी की नीतियों व सिद्धांतों में चलने की शपथ दिलाई। प्रवक्ता ई0 देवी प्रकाश दुबे, युवक कांग्रेस नेता नवनीत तिवारी व ऋतिक पाण्डेय, अभय शुक्ला ने फूल माला से उनका स्वागत करते हुए उन्हें बधाई प्रेषित की। जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि आज कांग्रेस के लिए जनहित की लड़ाई में संघर्ष का समय है क्योंकि भाजपा अनीति के मार्ग पर चलते हुए अब दमनकारी नीति अपना रही है जो खेद का विषय है। शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा ने कहा कि जिस प्रकार विधानसभा घेराव में पुलिस द्वारा लाठी चार्ज किया गया जिसमे प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को गंभीर चोटे आईं इससे प्रतीत होता है कि भाजपा सरकार अपना दिमागी संतुलन खो बैठी है परन्तु हम डरने वाले नहीं हैं। जनता के अधिकारों के लिए हमारी लड़ाई अंतिम सांस तक जारी रहेगी।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने प्रेक्षागृह में लगाया मेगा शिविर

## - विभिन्न विभागों की योजनाओं के लाभार्थियों को वितरित किए चेक व प्रशस्ति पत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। सरदार बल्लभ भाई पटेल प्रेक्षागृह में उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मेगा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद न्यायाधीश सुधीर कुमार, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय, पलाश गांगुली सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी एवं समस्त न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे। मेगा शिविर में राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विभागों द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओ लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। चिन्हित लाभार्थियों में महिलाएं, बच्चे, दिव्यांग जन, संगठित क्षेत्र के मज़दूर, अनुसूचित जाति जनजाति



के व्यक्ति आदि शामिल रहे। इसी क्रम में वृद्धा पेंशन योजना, उज्जवला योजना, कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री सौर्य घर योजना, दिव्यांग जन सशक्तिकरण योजना, विष्वकर्मा योजना, सीएम युवा योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना आदि के पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ वितरित किया गया। मेगा शिविर में जनपद के चिकित्सा विभाग द्वारा शिविर में आने वाले लाभार्थियों का निःशुल्क इलाज किया गया। शिविर में जिला कारागार में बंदियों द्वारा बनाये गये उत्पादों का भी स्टॉल लगाया गया। इस शिविर में राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विभागों के योजनाओं के भी स्टॉल लगाए गए। जिसमें भारी मात्रा में लाभार्थियों ने आकर जानकारी प्राप्त की एवं विभागों द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु अपना पंजीकरण कराया। मेगा शिविर में 2000 से अधिक लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ वितरित किया गया। यह मेगा शिविर न्याय पालिका, पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन के मध्य समन्वय का उत्.ष्ट उदाहरण बना जिसमें राज्य के सभी अंगों के मध्य आपसी तालमेल एवं सामंजस्य दिखा।

# मन की बात कार्यक्रम देश की उपलब्धियों पर आधारित : अन्नू

## - स्थानीय आम लोगों के साथ भाजपाइयों ने सुना मन की बात 131 वां संस्करण

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 131 वां संस्करण सभी बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सुना व देखा गया। जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने खागा विधानसभा क्षेत्र के विजयीपुर मंडल अंतर्गत सुदूरवर्ती बूथ संख्या 255 रारी में मन की बात कार्यक्रम को सुना व देखा। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मनकी बात कार्यक्रम की उपयोगिता पर चर्चा की गई। पीएम ने अपने सम्बोधन में कहा कि बीते मनकी बात कार्यक्रम में जो डिजिटल अरेस्ट कर बड़ी संख्या में आम लोगों परेशान किया जा रहा था उस पर की गई चर्चा मनकी बात कार्यक्रम में की गई थी जिससे लोगों में जागरूकता बढ़ी है। अब ऐसे अपराधियों के झांसे में लोग कम फंस रहे हैं। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि आज के संस्करण में देश की समसामयिक उपलब्धि दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित एआई सम्मिट की चर्चा हुई। जिसमें विभिन्न देशों के नेता, उद्योग जगत के लीडरों के साथ ही इनोवेटर व बडी संख्या में स्टार्टअप सेक्टर के लोग एकत्रित हुए जिसमें एआई के माध्यम से जानवरों के ईलाज व देश की सांस्.तिक धरोहरों प्राचीन ग्रंथों का ज्ञान व पांडुलिपियों को संरक्षित किया जा रहा है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रीती सिंह, भोला त्रिपाठी, आशीष तिवारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। अयाह शाह विधानसभा क्षेत्र के सुसवन मजरे कैथनपुर में स्थानीय विधायक विकास गुप्ता द्वारा मनकी बात कार्यक्रम को स्थानीय महिलाओं व पुरुषों के साथ सुना गया। वहीं जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह द्वारा असोथर मंडल के बूथ संख्या 274 में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ मनकी बात कार्यक्रम को सुना गया। उन्होंने बताया कि पार्टी के सभी मंडलों



के सभी बूथों पर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा बड़ी ही रुचि से पूर्व की भांति रविवार को मनकी बात कार्यक्रम का 131 वां संस्करण सुना गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा उड़ीसा के किसान हिलोद पटेल व उनके पुत्र शिवशंकर पटेल के .षि में प्रयोग किए गए नई तकनीक पर आज विशेष चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि किसान पिता पुत्र पहले अपने खेतों में परंपरागत रूप से धान की खेती पर आधारित थे लेकिन उन्होंने नई तकनीक का इस्तेमाल किया, जिसमें उन्होंने पानी में मछली पालन व उसके बांस के पोल लगाकर मजबूत जाल बिछाया गया और फिर उसके ऊपर सब्जियों की बेल चढ़ा कर सब्जी उत्पादन कर आमदनी में बढ़ोतरी की गई। जिले में पार्टी की ओर से जिला संयोजक के रूप में जिला महामंत्री नीरज सिंह व सह संयोजक के रूप में जिला मंत्री मनोज मिश्रा मनु द्वारा दायित्वों का निर्वहन किया गया।

# उत्तम उद्योग व्यापार मंडल का प्रथम स्थापना दिवस मनाया

## - व्यापारियों के मान-सम्मान की रक्षा का लिया संकल्प

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। व्यापारियों के हितों की रक्षा और संगठन की मजबूती



के संकल्प के साथ उत्तम उद्योग व्यापार मंडल ने अपना प्रथम स्थापना दिवस अत्यंत उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया। संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने पिछले एक वर्ष की उपलब्धियों पर चर्चा की और भविष्य की रणनीतियों को साझा किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष .ष्ण कुमार तिवारी ने कहा कि उत्तम उद्योग व्यापार मंडल के लिए बहुत ही गर्व का दिन है। आज हम अपनी स्थापना का एक वर्ष पूर्ण कर रहे हैं। कहने को तो एक वर्ष बहुत छोटा समय होता है, लेकिन हमारे लिए यह साल संघर्ष, सेवा और संगठन की शक्ति को पहचानने वाला रहा है। पिछले 365 दिनों में हमने सिर्फ सदस्य नहीं जोड़े, बल्कि एक परिवार बनाया है। चाहे वो रात के अंधेरे में किसी व्यापारी भाई की समस्या हो या दिन के उजाले में प्रशासन के सामने अपनी हक़ की आवाज़ बुलंद करना. हमारा संगठन हमेशा ढाल बनकर खड़ा रहा। हमने व्यापारी एकता के जिस बीज को एक साल पहले बोया था, आज वो एक नन्हे पौधे के रूप में मुस्करा रहा है। युवाओं के जोश और अनुभवी बुजुर्गों के मार्गदर्शन ने हमें वो ताकत दी है जिससे हम फतेहपुर के हर बाज़ार में एक नई पहचान बना सके हैं। जिलाध्यक्ष मनोज साहू ने संगठन की उपलब्धियों का ब्योरा देते हुए बताया कि भिटौरा बाईपास जैसे प्रमुख क्षेत्रों में नया संपर्क कार्यालय खोलने से व्यापारियों को काफी सुविधा हुई है। उन्होंने कहा कि युवाओं के जोश और वरिष्ठों के अनुभव के तालमेल से संगठन लगातार फल–फूल रहा है। इस मौके पर जय किशन, श्रवण दीक्षित, प्रेमदत्त उमराव, संदीप श्रीवास्तव, अनिल महाजन, गंगासागर, शिवप्रसाद, संजय गुप्ता, संजय सिंह, नरेश गुप्ता, अभय सोनी, वीरेंद्र लोधी, सलामत अली, भंवर सिंह, सोनू शुक्ला, सरताज, अरसलान जाफरी, समीर मिश्रा, अभिषेक साहू, विकास कश्यप, इसराइल, सोनू शुक्ला, साहिल बख्शी, राहुल शर्मा भी मौजूद रहे।

# जन उद्योग व्यापार मंडल का लगातार चल रहा महाभियान

## – प्रदेश अध्यक्ष ने दर्जनों व्यापारियों को सौंपा प्रमाण पत्र



न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। जन उद्योग व्यापार मण्डल के चल रहे महाअभियान संगठन चला व्यापारी द्वार के तहत लगातार व्यापारियों की समस्याओं के साथ ही जनहित की समस्याओं को सूचीबद्ध किया जा रहा है। तमाम समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण करवाया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को संगठन के प्रदेश अध्यक्ष चन्दन सिंह चौहान के नेतृत्व में नगर पालिका संबंधी जनसमस्याओं को त्वरित निस्तारण भी करवाया गया। संगठन का प्रतिनिधि मंडल राधानगर थाना प्रभारी विनोद मौर्या से मिलकर आ रही होली पर्व को देखते हुए व्यापारियों की रक्षा, सुरक्षा सहित कुछ विषयों पर सकारात्मक चर्चा की। व्यापारियों के प्रतिष्ठानों में जाकर डोर टू डोर समस्याओं को सूचीबद्ध करते हुए प्रदेश अध्यक्ष चन्दन सिंह चौहान ने व्यापारियों को आष्वस्त करते हुए कहा कि व्यापारियों की समस्याओं के प्रति संगठन निरंतर समाधान के प्रयास करता रहेगा। उनके व्यापार में आने वाली बाधाओ एवं उनके हक की लड़ाई जन उद्योग व्यापार मण्डल लगातार लड़ता रहेगा। दर्जनों व्यापारियों को संगठन का प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया। जिसमें दस वरिष्ठ पदाधिकारियों के पद, नाम एवं मो० नंबर अंकित रहते हैं जिससे व्यापारी कभी भी अचानक आने वाली समस्याओं को संगठन के पदाधिकारियों को सूचित कर संगठन का सहयोग ले सकें। महाअभियान में प्रदेश महामंत्री अजय मौर्य, प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू हयारण, अभिषेक रायजादा जिला उपाध्यक्ष नईम अहमद, जसवंत गिहार, आशीष शरन, हिमांशु दीक्षित, इसरार अहमद, पप्पू गुप्ता मौजूद रहे।

# इफ्तार व सहरी




सुन्नी हजरात
पांचवे रोजे का इफ्तार 6:05 व छठवे रोजे की सहरी 5:12 मिनट पर करे।
शिया हजरात- पांचवे रोजे का इफ्तार 6:15 व छठवे रोजे की सहरी 5:02 मिनट पर करे।

# चूड़ी गली के कामर्शियल कॉम्प्लेक्स को नोटिस, हलाके में हड़कंप

## – सात दिन की मोहलत, फिर गरजेगा बुल्डोजर

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र की चूड़ी वाली गली में बना कथित अवैध कामर्शियल कॉम्प्लेक्स अब प्रशासनिक कार्रवाई की जद में आ गया है। मस्जिद के मुतवल्लियों द्वारा मनमाने ढंग से फंडिंग जुटाकर दुकानों का निर्माण कराए जाने के मामले में उप जिलाधिकारी/नियत प्राधिकारी, विनियमित क्षेत्र ने सख्त रुख अपनाते हुए ढहाने का आदेश जारी कर दिया है। सात दिन की मोहलत के साथ भेजे गए नोटिस ने पूरे इलाके में हलचल मचा दी है। बताया जा रहा है कि संबंधित निर्माण बिना विधिवत अनुमति और नक्शा पास कराए कराया गया। प्रशासन के अनुसार उत्तर प्रदेश (निर्माण विनियमन) अधिनियम, 1966 की धारा–10 के तहत पहले भी संबंधित पक्ष को सुनवाई का अवसर दिया गया था। 9 जनवरी 2026 और 23 जनवरी 2026 को तिथियां निर्धारित की गईं, लेकिन कारण बताओ नोटिस का जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। इसके बाद प्राधिकरण ने स्पष्ट कर दिया निर्माण स्वयं हटाइए, अन्यथा प्रशासन कार्रवाई करेगा। जारी आदेश में सात दिन की समय–सीमा तय की गई है। यदि निर्धारित अवधि में अवैध निर्माण नहीं हटाया गया तो प्रशासन स्वयं ध्वस्तीकरण कराएगा और उसका खर्च संबंधित पक्ष से वसूला जाएगा। इस पूरे प्रकरण की शुरुआत भाजपा नेता रमीज खान की शिकायत से हुई बताई जा रही है। उन्होंने अवैध निर्माण की लिखित शिकायत की थी। सूत्रों के अनुसार मामले में एक शिकायतकर्ता, जिसने कॉम्प्लेक्स में दुकानें ले रखी थीं, वह भी जांच और संभावित कार्रवाई की परिधि में आ सकता है। इससे व्यापारी वर्ग में भी बेचैनी बढ़ गई है।

# डंपर से कुचलकर पेट्रोल पंप कर्मी की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के बरौरा मोड़ के समीप रविवार की सुबह साइकिल से पेट्रोल पंप आ रहे कर्मचारी को डंपर ने रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मंझूपुर गांव निवासी स्व0 प्रहलाद सोनी का 33 वर्शीय पुत्र राजू सोनी सौंरा स्थित पेट्रोल पंप में नौकरी करता था। बताते हैं कि सुबह नौ बजे साइकिल से ड्यूटी आ रहा था। जैसे ही वह बरौरा मोड़ के पास पहुंचा तभी तेज रतार डंपर ने टक्कर मार दिया जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने षव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाबत जानकारी मृतक के भतीजे षुभम ने दी है।

# शादीपुर चौराहे से युवक का शव बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के षादीपुर चौराहा स्थित रेस्टोरेंट के सामने राहगीरों की सूचना पर 40 वर्शीय युवक का षव बरामद कर विच्छेदन गृह भेजा। जानकारी के अनुसार बकेवर थाना क्षेत्र के बिजौली गांव निवासी स्व0 हीरालाल का पुत्र रमेष का पिछले कई सालों से मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। ऐसे ही घूम–घूमकर भीख मांग कर अपना पेट पालता था। रविवार की सुबह षादीपुर स्थित एक रेस्टोरेंट के समीप राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने षव बरामद कर विच्छेदन गृह भेजा है। पोस्टमार्टम हाउस में घटना के बाबत जानकारी मृतक के मामा श्रीलाल ने दी है।

# महिला ने फांसी लगाकर दी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के ग्राम केवई में मानसिक संतुलन ठीक न होने के चलते 35 वर्शीय महिला ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार केवई गांव निवासी सुमेर रैदास की पत्नी लक्ष्मी देवी ने षनिवार की देर रात घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब परिजनों की नजर पड़ी तो घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने षव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस आए परिजनों ने बताया कि लक्ष्मी का काफी समय से मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। जिसके चलते उसने घटना को अंजाम दिया है।

# कटोघन पीएचसी में लगा सीएम आरोग्य मेला

## – ग्रामीणों को निःशुल्क वितरित की दवाएं



न्यूज वाणी ब्यूरो / खागा, फतेहपुर। खागा तहसील क्षेत्र के कटोघन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन फार्मासिस्ट की अगुवाई में किया गया। मेले में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मरीज स्वास्थ्य परीक्षण के लिए पहुंचे। इस दौरान मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया तथा निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। स्वास्थ्य शिविर में डॉ. संजय, एनएम ऐष्वर्य, फार्मासिस्ट धर्मेंद्र सिंह एवं बीके सिंह ने आए हुए मरीजों का परीक्षण किया। टीम ने बुखार, खांसी, सर्दी, ब्लड प्रेशर, शुगर सहित विभिन्न सामान्य बीमारियों की जांच की। डॉक्टरों ने मरीजों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और समय पर दवा लेने की सलाह दी। फार्मासिस्ट धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि सरकार की मंशा है कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को नजदीक ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों। मेले में करीब सैकड़ों मरीजों को लाभ मिला।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अह्मद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अह्मद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )